
हरिभूमि
# रायपुर भूमि

## इधर, दिल्ली से रायपुर आ रही फ्लाइट की नागपुर में लैंडिंग

खराब मौसम का प्रभाव हवाई उड़ानों पर भी पड़ा। दिल्ली से आ रही इंडिगो और एयर इंडिया की फ्लाइट को नागपुर उतारा गया, जहां से देर रात उन्हें वापस रायपुर लाया गया। इंडिगो की फ्लाइट 6 ई 5138 की लैंडिंग नहीं हो पाई। खराब मौसम को देखते हुए फ्लाइट को नागपुर उतारा गया। फ्लाइट में पूर्व सीएम बघेल, पीसीसी चीफ दीपक बैज, उप मुख्यमंत्री अरुण साव, रेणुका सिंह, बीजेपी प्रवक्ता गौरी शंकर श्रीवास सहित कई नेता उड़ान भर रहे थे। दिग्गज नेताओं और वीआईपी सहित सभी यात्री सुरक्षित हैं।

## आंधी-बारिश से राजधानी घंटों अंधेरे में



राजधानी रायपुर में गुरुवार शाम को तेज हवा से साथ चली आंधी के कारण शहर में डेढ़ सौ से ज्यादा बिजली के फीडर बंद हो गए। इसके कारण आधी से ज्यादा राजधानी अंधेरे में डूब गई। आंधी के बाद झमाझम बारिश भी प्रारंभ हो गई, इसके कारण फीडरों को ठीक करने में बहुत समय लग गया। कई फीडरों में चार से पांच घंटों के बाद बिजली व्यवस्था बहाल हो सकी। राजधानी में शाम को सात बजे के बाद मौसम बदला और पहले आंधी-तूफान के साथ ही बिजली के चमकने के कारण एक-एक कर शहर के बिजली के 33 और 11 केवी के फीडर बंद होते चले गए। ऐसा होने से आधी से ज्यादा आबादी में अंधेरा हो गया। पॉवर कंपनी का अमला और आला अधिकारी काम करने में तो तत्काल जुट गए, लेकिन बारिश होने के कारण काम करने में देर हुई। बारिश कम होने के बाद अमले से फीडरों को प्रारंभ करना प्रारंभ। फीडरों को प्रारंभ करने में मालूम हुआ कि दो दर्जन से ज्यादा फीडरों मे खराबी आ गई है। खराबी को ठीक करने में लंबा समय लगा जिसके कारण कई फीडरों में देर रात को बिजली व्यवस्था बहाल हो सकी।

**राजधानी में डेढ़ सौ से ज्यादा फीडर हुए बंद, घंटों चलता रहा सुधारने का काम**

# दो घंटे में 3.5 सेमी बारिश, विमान सेवा प्रभावित, कई इलाकों में बिजली गुल

*गुरुवार पूरे दिन परेशान कर देने वाली उमस भरी गर्मी के बाद देर शाम राजधानी में झमाझम बारिश हुई। लगभग 6.30 बजे शुरू हुई बारिश के बाद अगले दो घंटे में रात्रि 8.30 बजे तक शहर में 3.5 सेमी बारिश दर्ज की गई। इसके बाद भी देर रात तक रह-रहकर हल्की बूंदाबांदी होती रही।*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**अलग खबर**

मौसम विभाग के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम मानसून कर्नाटक के कुछ और भाग, तेलंगाना और आंध्र प्रदेश तमिलनाडु के शेष हिस्से, पुडुचेरी, दक्षिण पश्चिम बंगाल की खाड़ी, पश्चिम मध्य और उत्तर पश्चिम बंगाल की खाड़ी के कुछ और भाग, पश्चिम बंगाल, बिहार के कुछ भाग में गुरुवार को पहुंच गया है। दक्षिण-पश्चिम मानसून के आगे बढ़ने के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनी हुई हैं। ऐसे में इसके जल्द ही छत्तीसगढ़ ▶▶|शेष पेज 13 पर

- दिनभर उमस भरी गर्मी से हलाकान रहे लोग, अधिकतम तापमान अभी भी 40 डिग्री पार
- मानसून के आगे बढ़ने के लिए परिस्थितियां अनुकूल, जल्द होगा छग प्रवेश



### तापमान में हल्की गिरावट

प्रदेश में अधिकतम तापमान में हल्की गिरावट संभावित है। हालांकि इसका विशेष प्रभाव फिलहाल नहीं पड़ेगा और गर्मी परेशान करेगी। गुरुवार को 43 डिग्री के साथ राजनांदगांव सर्वाधिक गर्म रहा। जबकि सबसे कम न्यूनतम तापमान 23.1 डिग्री जगदलपुर में दर्ज किया गया। रायपुर का अधिकतम तापमान सामान्य से 1.8 डिग्री अधिक 40.8 डिग्री रहा। न्यूनतम तापमान 26.4 डिग्री रहा, जो सामान्य से 0.9 डिग्री कम है। सीजनल द्रोणिका मध्य समुद्र तल पर दक्षिण पंजाब से दक्षिण बांग्लादेश तक उत्तर छत्तीसगढ़ होते हुए 0.9 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

## खबर संक्षेप

### दो गांजा तस्करों को 10-10 साल कैद, जुर्माना भी

**रायपुर।** गंज तथा टिकरापारा थाना क्षेत्र में गांजा तस्करी के दो अलग-अलग प्रकरण में विशेष न्यायाधीश पंकज सिन्हा की एनडीपीएस कोर्ट ने दो आरोपियों को 10-10 वर्ष कैद के साथ एक-एक लाख रुपए जुर्माने की सजा सुनाई है। विशेष लोक अभियोजक केके चंद्राकर के अनुसार, कोर्ट ने मूलतः केरल निवासी दिनेश ए. लाल तथा मध्यप्रदेश के सजन गुप्ता को कैद एवं जुर्माने की सजा सुनाई है। दिनेश को गंज थाने की पुलिस ने 25 मई 2025 को तेलघानी नाका के पास साढ़े 11 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। सजन तथा उसके एक अन्य साथी सन्नी अरोरा को टिकरापारा पुलिस ने 16 जनवरी 2024 को इंटरस्टेट बस टर्मिनल के पास 14 किलो गांजा के साथ गिरफ्तार किया था। पकड़े जाने पर सन्नी पुलिस को चकमा देकर भाग गया, जिसे कोर्ट ने फरार घोषित किया है।

### बिस्किट फैक्ट्री में जीएसटी का छापा

**रायपुर।** अभनपुर, कोलर स्थित एक बिस्किट फैक्ट्री में जीएसटी विभाग की टीम ने छापे की कार्रवाई की है। सूत्रों के मुताबिक, विभागीय अधिकारी पिछले 2 से 3 दिनों से फैक्ट्री और उससे जुड़े दस्तावेजों की गहन पड़ताल कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक, पड़ताल में उक्त बिस्किट फैक्ट्री में जीएसटी ने 90 लाख रुपए की टैक्स चोरी पकड़ी है। छापे को लेकर जीएसटी ने अब तक कोई अधिकृत बयान जारी नहीं किया है। आने वाले दिनों में जीएसटी के अफसर टैक्स चोरी को लेकर अहम खुलासा कर सकते हैं।

### पार्किंग में खड़ी एक्टिवा से ईयरपॉड चोरी

**रायपुर।** तेलीबांधा थाने में एक कारोबारी ने पार्किंग के कर्मचारी के खिलाफ एक्टिवा की डिक्की से महंगे ईयर पॉड चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई है। राठौर चौक निवासी अक्षत अग्रवाल ने चोरी की शिकायत दर्ज कराई है। अक्षत ने पुलिस को लिखित शिकायत में बताया कि वह अग्रसेन धाम स्थित जामावाड़ा रेस्टोरेंट में गया था। अक्षत ने वैले पार्किंग में एक्टिवा पार्क करने कर्मी को अपनी गाड़ी दी। अक्षत ने आरोप लगाया है कि पार्किंग कर्मी ने डिक्की के अंदर रखे 25 हजार रुपए कीमत के ईयर पॉड चोरी कर अपने पास रख लिए।

# एमसीबी उठाते ही निकली चिंगारियां आग से ऑटोमोबाइल हुआ धुआं-धुआं

*मौदहापारा इलाके के केके रोड की गली में संचालित जया ऑटो मोबाइल में आग से सनसनी*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**खास खबर**

फायर नार्म्स की अनदेखी करना एक बार फिर भारी पड़ गया। आग से एक ऑटो मोबाइल कंपनी के संचालक को लाखों का नुकसान उठाना पड़ा। बताया जा रहा है, शार्ट सर्किट से आग लगने की घटना हुई। मौदहापारा थाना क्षेत्र के ठीक सामने केके रोड स्थित एक गली में संचालित जया ऑटो मोबाइल में आग लगने की घटना हुई। गली संकरी होने तथा ट्रैफिक की वजह से फायर ब्रिगेड की टीम को आग पर काबू पाने घंटों मशक्कत करनी पड़ी। आग पर काबू पाने के बाद देर शाम तक कूलिंग करने का ▶▶|शेष पेज 13 पर



### आनन-फानन में अंदर रखे ऑइल को बाहर निकाला

घटना के समय पूरे कर्मचारी काम पर नहीं आए थे। ऑटो मोबाइल संचालक ने दुकान में जो काम करने पहुंचे थे, उन कर्मचारियों के साथ अन्य लोगों की मदद से पहली मंजिल पर रखे ऑटो मोबाइल से संबंधित ऑइल को बाहर सुरक्षित बाहर निकाला। ऑइल बाहर निकालने के पहले ऑटो मोबाइल संचालक ने फायर ब्रिगेड तथा पुलिस को आग लगने की जानकारी दे दी। ऑटो मोबाइल थाना के सामने गली नंबर दो पर स्थित है। इसीलिए मौके पर तत्काल पुलिस की टीम पहुंच गई।

### फायर ब्रिगेड की टीम को 12 घंटे करनी पड़ी मशक्कत

आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर दो फायर ब्रिगेड की गाड़ियां आग बुझाने पहुंचीं। हालत बिगड़ते देख फायर ब्रिगेड की अन्य पांच गाड़ियां मौके के लिए रवाना की गईं। गली संकरी होने की वजह से फायर ब्रिगेड की गाड़ियां जय स्तंभ साइड से पानी लेकर पहुंचती थीं। खाली गाड़ी शास्त्री चौक होकर निकलती थी। ऊपरी मंजिल में जाने जगह संकरी होने की वजह से फायर ब्रिगेड की टीम को आग पर काबू पाने करीब 12 घंटे पर मशक्कत करनी पड़ी।

### आग कम होने के बजाय बढ़ती गई

संकरी गली होने तथा दिन के समय ट्रैफिक होने की वजह से फायर ब्रिगेड को पानी से रीफिल गाड़ियां लाने ले जाने अतिरिक्त समय लग रहा था। इस वजह से फायर ब्रिगेड की टीम जैसे ही पानी लेकर पहुंचती, आग पहले की तुलना में और ज्यादा फैल चुकी होती थी। इसके बाद बाहर से जो अन्य गाड़ियां आई थीं, उन गाड़ियों की मदद से आग पर काबू पाया गया।

# पुलिस कमिश्नर ने महिला हिस्ट्रीशीटर को किया तड़ीपार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



संगीन अपराध तथा मादक पदार्थों की खरीदी बिक्री पर अंकुश लगाने पुलिस कमिश्नरेट में लगातार कार्रवाई जारी है। मादक पदार्थों में संलिप्त तस्करों की संपत्ति अटैचमेंट की कार्रवाई करने के साथ ही बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की जा रही है। इसी कड़ी में पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला ने किसी महिला हिस्ट्रीशीटर के खिलाफ जिलाबदर करने का आदेश जारी किया है। जिस महिला बदमाश के खिलाफ पुलिस कमिश्नर ने जिलाबदर करने आदेश जारी किया ▶▶|शेष पेज 13 पर

- किसी महिला बदमाश के खिलाफ जिला बदर की पहली कार्रवाई
- जिला दंडाधिकारी, पुलिस कमिश्नर के पास 20 के करीब बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर करने हो रही सुनवाई

### हत्या की कोशिश सहित 20 से ज्यादा अपराध दर्ज

मुस्कान रात्रे लंबे समय से गांजा, शराब, नशीला टेबलेट के अवैध कारोबार के साथ मारपीट, धमकी, हत्या का प्रयास तथा अन्य संगीन अपराधों में नामजद अपराधी रही है। महिला बदमाश के खिलाफ अलग-अलग थानों में 20 से अधिक प्रकरण दर्ज हैं। लगातार कार्रवाई के बाद भी बदमाश के अंदर किसी तरह से सुधार नहीं होने पर पुलिस कमिश्नर ने मुस्कान को जिलाबदर करने आदेश जारी किया है।

# 5 घंटे का शटडाउन, 42 इलाकों की पानी टंकियां रहीं सूखी, शाम को नहीं आया पानी

## भूमिगत केबल को मुख्य लाइन से जोड़ने का चला काम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**हरिभूमि फॉलोअप**

रायपुर शहर के 42 इलाकों की पानी टंकियां गुरुवार शाम सूखी रहीं, जिसके कारण लोगों के घरों में नगर निगम द्वारा लगाए गए नलों से जल आपूर्ति ठप रही। छत्तीसगढ़ राज्य पावर वितरण कंपनी के रावणभाठा उपकेंद्र में 33 केव्ही लाइन पर मेंटनेंस और भूमिगत केबल को मुख्य लाइन से जोड़ने के लिए विद्युत विभाग ने 5 घंटे का शटडाउन रखा। इससे शहर के 80 एमएलडी पुराना प्लांट, 80 एमएलडी के नए प्लांट और 150 एमएलडी फिल्टर प्लांट बंद रहा। गुरुवार को सुबह के समय नियमित जल आपूर्ति की ▶▶|शेष पेज 13 पर



### बिजली विभाग का इस तरह से हुआ काम

बिजली कंपनी ने रावणभाठा उपकेंद्र में 33 केवी के 10 पोल स्ट्रक्चर के बीच भूमिगत केबल बिछाई है। इस केबल को मुख्य लाइन से जोड़ने का काम किया जाना था, इसके लिए गुरुवार को 33 केव्ही इंटेकवेल और फिल्टर प्लांट की बिजली सप्लाई बंद की गई। 5 घंटे तक संबंधित क्षेत्र की विद्युत आपूर्ति बंद रही। इसके कारण तीन प्रमुख जलशोधन संयंत्रों के संचालन का कार्य प्रभावित रहा।

### बिजली बंद के समय का किया सदुपयोग

विद्युत विभाग द्वारा संधारण कार्य के लिए रखे गए 5 घंटे के शटडाउन में बिजली बंद रहने का सदुपयोग नगर निगम के जल विभाग ने बखूबी किया। इस अवधि में उसने श्यामनगर पानी टंकी के पुराने वाल्व को बदलकर नया वाल्व लगवाया। वहीं बारिश पूर्व 80 एमएलडी के पुराने प्लांट, नए प्लांट और 150 एमएलडी क्षमता वाले प्लांट में कर्मचारी उतारकर क्लीनिंग का कार्य कराया। जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंग फरेंद्र ने हरिभूमि को बताया कि शाम 4:30 बजे विद्युत विभाग द्वारा संधारण का कार्य पूरा होते ही शहर की 42 पानी टंकियों में जलभराव का कार्य शुरू कराया गया। 12 जून की सुबह इन 42 पानी टंकियों से लोगों को सुचारू रूप से पीने का शुद्ध पानी मिलने लगेगा।

### टंकियां रहीं सूखी इन इलाकों में नहीं आया शाम को पानी

डगनिया, ईदगाहभाठा, गंज, गुढ़ियारी, न्यू राजेंद्रनगर, श्याम नगर, तेलीबांधा, शंकरनगर, खमतराई, भनपुरी, भाठागांव, चंगोराभाठा, कुशालपुर, डीडी नगर, सरोना, टाटीबंध, कोटा, कबीर नगर, जरवाय, गोगांव, मठपुरैना, लालपुर, अमलीडीह, अवंतिविहार, मंडी, मोवा, सड्डू, दलदल सिवनी रामनगर, कचना, आमासिवनी, देवपुरी, मोतीबाग, बोरियाखुर्द, जोरा, रायपुरा, कुकरबेड़ा, बैरनबाजार नया, देवेंद्र नगर नया पानी टंकी, संजय नगर पानी टंकी।




*यह ह्दय की सबसे खतरनाक आपात स्थितियों में से एक*

# फट गई मुख्य रक्तवाहिका की भीतरी परत, 13 घंटे सर्जरी के बाद कृत्रिम ग्राफ्ट के जरिए बचाई जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

**प्रत्येक घंटा 2 प्रतिशत की दर से बढ़ता है मृत्यु का खतरा**

एम्स रायपुर के ह्दय एवं वक्ष शल्य चिकित्सा विभाग ने एक अत्यंत जटिल और जानलेवा ह्दय रोग से पीड़ित 38 वर्षीय युवक का सफल उपचार कर एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल की है। सरगुजा जिले के निवासी इस मरीज को एक दुर्लभ और अत्यंत गंभीर ह्दय संबंधी आपातकालीन



स्थिति "एक्यूट स्टैनफोर्ड टाइप-ए एओर्टिक डिसेक्शन" थी, जिसे चिकित्सा जगत में सबसे खतरनाक ह्दय आपात स्थितियों में से एक ▶▶|शेष पेज 13 पर

### 6 दिनों तक निगरानी

इसके बाद रातभर चली लगभग 13 घंटे की जटिल सर्जरी में क्षतिग्रस्त एओर्टा को कृत्रिम ग्राफ्ट से बदला गया तथा एओर्टिक वाल्व का भी सफल प्रत्यारोपण किया गया। यह शल्य चिकित्सा डॉ. जी. सौरभ, डॉ. स्नेहा एवं सीटीवीएस टीम द्वारा की गई, जबकि कार्डियक एनेस्थीसिया टीम का नेतृत्व डॉ. सुब्रत कुमार सिंघा ने किया। सर्जरी के बाद मरीज की स्थिति लगातार बेहतर होती गई। ऑपरेशन के 24 घंटे के भीतर उसे वेंटिलेटर से हटा दिया गया। छह दिन तक कार्डियक आईसीयू में निगरानी के बाद उसे वार्ड में स्थानांतरित किया गया और ऑपरेशन के दसवें दिन स्वस्थ एवं स्थिर अवस्था में छुट्टी दे दी गई।

### समय पर पहचान ही संजीवनी

सीटीवीएस विभागाध्यक्ष डॉ. नितिन कुमार कश्यप ने बताया कि इस बीमारी में उपचार में हर घंटे की देरी से मृत्यु का खतरा 1–2 प्रतिशत तक बढ़ जाता है। वहीं कार्डियोलॉजी विभागाध्यक्ष डॉ. सत्यजीत ने कहा कि समय पर पहचान और विभिन्न विभागों के उत्कृष्ट समन्वय के कारण मरीज की जान बचाई जा सकी। एम्स प्रबंधन ने कहा, यह हमारी उन्नत ह्दय शल्य चिकित्सा क्षमता का प्रमाण है और यह दर्शाती है कि संस्थान छत्तीसगढ़ एवं आसपास के राज्यों के मरीजों को विश्वस्तरीय ह्दय चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने में सक्षम है।

## खबर संक्षेप

### बोस मंच के समर कैंप में हुईं विविध प्रतियोगिताएं



**अभनपुर।** नेताजी सुभाष चंद्र बोस सांस्कृतिक मंच के तत्वावधान में ग्राम पचेड़ा में एक दिवसीय समर कैंप संपन्न हुआ। शिविर में 100 मीटर दौड़, कबड्डी, पिट्ठूल, फुगड़ी, चित्रकला, मटकी फोड़, कैरम, चम्मच-दौड़, रंगोली एवं कुर्सी दौड़ जैसी विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं, जिनमें दर्जनों बच्चों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। पुरस्कार वितरण समारोह में सरपंच संजय बंजारे ने बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक विकास के लिए खेल गतिविधियों को आवश्यक बताते हुए वृक्षारोपण के प्रति जागरूकता पर जोर दिया। विशिष्ट अतिथि निधि यदु, प्राध्यापिका, प्रिज्म आईटीआई कॉलेज भिलाई ने युवाओं में बढ़ती नशे की प्रवृत्ति, मोबाइल की लत एवं नैतिक मूल्यों के ह्रास पर चिंता व्यक्त करते हुए ऐसे आयोजनों को समाज के लिए आवश्यक बताया। इस अवसर पर यादव बाई कोसरिया, मनोज बारले सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने विजेता बच्चों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया। इस मौके पर निकलेश, पायल, संजना, सुलोचना, संदीप, कनिका, गोविंदा, सत्यजन, गुंजा, आदित्य, मयंक एवं नीतीश सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

### फसल चक्र परिवर्तन योजना सिर्फ कागजी

**आरंग।** छत्तीसगढ़ की विष्णुदेव साय सरकार ने प्रदेश में फसल चक्र परिवर्तन (क्रॉप रोटेशन) को रफ्तार देने के लिए 15,000 रुपये प्रति एकड़ प्रोत्साहन राशि देने का एक बड़ा दांव खेला है। सरकार की मंशा है कि धान के बदले दलहन, तिलहन, मक्का, कोदो-कुटकी, रागी और कपास जैसी नकदी व मोटे अनाज की फसलों को बढ़ावा देकर राज्य में खेती की तस्वीर बदली जाए। हालांकि, इस सरकारी उत्साह के बीच जमीनी हकीकत से जुड़े किसान नेता पारसनाथ साहू ने तीखे और सुलगते सवाल दाग दिए हैं। उन्होंने दोटूक शब्दों में कहा कि छत्तीसगढ़ के जमीनी भूगोल और किसानों की व्यावहारिक दिक्कतों को समझे बिना यह योजना महज एक कागजी कसरत बनकर रह जाएगी।



### निधन

### उर्वशी दुबे

**आरंग।** निकटस्थ ग्राम डिघारी (टेकारी) निवासी 75 वर्षीय उर्वशी दुबे का बीती मंगलवार - बुधवार के दरम्यानी रात निधन हो गया। वह पूर्व माध्यमिक शाला से सेवानिवृत्त प्रधानपाठक रामावतार दुबे की पत्नी व राजेश दुबे की माता थी। अंतिम संस्कार बीते बुधवार को अपराह्न डिघारी स्थित मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।



# घटिया सोलर पैनल से किसान हैं परेशान, शिकायत पर समाधान नहीं, ठेंगा

## लगातार कई बार एजेंसी से शिकायत पर सुनवाई नहीं हो रही

हरिभूमि न्यूज ▸▸ आरंग

रायपुर स्थित एक निजी सोलर एजेंसी द्वारा कथित रूप से गुणवत्ताहीन सामग्री और लापरवाहीपूर्ण कार्य किए जाने से आरंग क्षेत्र के कई ग्रामीण परेशान हैं। प्रभावित ग्रामीणों ने एजेंसी जीडीए प्राइवेट लिमिटेड पर घटिया गुणवत्ता के सोलर पैनल एवं उपकरण लगाने तथा शिकायत के बावजूद समस्या का समाधान नहीं करने का आरोप लगाया है।

**ग्राम टीला का मामला :** ग्राम टीला निवासी रामकुमार सागरवंशी ने बताया कि उन्होंने लगभग एक वर्ष पहले एजेंसी के प्रतिनिधि देवानंद तारक के माध्यम से अपने घर में 3 किलोवाट क्षमता का सोलर पैनल लगवाया था। स्थापना के दौरान उन्होंने पाइप और केबल की गुणवत्ता पर आपत्ति भी जताई थी, लेकिन एजेंसी के कर्मचारियों ने जल्दबाजी में काम पूरा कर दिया। कुछ ही दिनों बाद सोलर पैनल को सहारा देने वाले पाइप टूट गए और पूरा सिस्टम बंद हो गया। रामकुमार का आरोप है कि पिछले एक वर्ष से वे एजेंसी के कर्मचारियों से लगातार संपर्क कर रहे हैं, लेकिन समस्या का निराकरण नहीं किया गया। उन्होंने बताया कि एजेंसी के एजेंट के साथ वे रायपुर स्थित भाटागांव कार्यालय तक पहुंचे, फिर भी उन्हें कोई राहत नहीं मिल सकी। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि एजेंसी जल्द उनकी समस्याओं का समाधान नहीं करती, तो वे उपभोक्ता फोरम में अपील करेंगे।



शिकायतकर्ता - रामकुमार
शिकायतकर्ता - पुनाराम

### ग्राम रानीसागर का किसान परेशान

*वहीं दूसरा मामला ग्राम रानीसागर का सामने आया है। यहां के निवासी पुनाराम साहू ने लगभग 2 लाख 70 हजार रुपये खर्च कर 5 किलोवाट क्षमता का व्यावसायिक सोलर पैनल स्थापित कराया था। उनका आरोप है कि गलत फिटिंग और कमजोर संरचना के कारण हाल ही में आई तेज आंधी में सोलर पैनल के कुछ हिस्से उखड़कर उड़ गए। इसकी शिकायत एजेंसी को दिए जाने के बावजूद अब तक कोई तकनीकी टीम निरीक्षण या मरम्मत के लिए नहीं पहुंची है। ग्रामीणों का कहना है कि सोलर ऊर्जा को बढ़ावा देने के नाम पर उनसे राशि ली गई, लेकिन गुणवत्ता और सेवा के मामले में एजेंसी पूरी तरह विफल साबित हुई है। लगातार शिकायतों के बाद भी समाधान नहीं मिलने से प्रभावित उपभोक्ता स्वयं को ठगा हुआ महसूस कर रहे हैं।*

## विडंबना : 7 घंटे तक तड़पती रही इंसानियत, पुलिस तय करती रही इलाका

# तिल्दा रेलवे स्टेशन पर वृद्धा की मौत पर पुलिस इलाके के नाम पर उलझी

हरिभूमि न्यूज ▸▸ तिल्दा नेवरा

तिल्दा रेलवे स्टेशन से एक ऐसी तस्वीर सामने आई है जिसने पुलिस व्यवस्था और प्रशासनिक संवेदनशीलता पर बड़े सवाल खड़े कर दिए हैं। एक वृद्ध महिला की मौत के बाद उसका शव घंटों तक खुले में पड़ा रहा, लेकिन कानून की रक्षा का दावा करने वाली तीन-तीन एजेंसियां—आरपीएफ, जीआरपी और स्थानीय पुलिस—अपने-अपने अधिकार क्षेत्र का हवाला देकर जिम्मेदारी से बचती रहीं। सवाल यह है कि जब एक बेबस महिला की लाश सम्मान की प्रतीक्षा कर रही थी, तब सिस्टम आखिर किस नियम की किताब पलट रहा था?

तिल्दा रेलवे स्टेशन के टिकट घर के सामने निर्माणाधीन भवन में गुरुवार सुबह करीब 6 बजे एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। घटना की सूचना तत्काल रेलवे स्टेशन स्थित आरपीएफ थाने को दी गई, लेकिन आरोप है कि कई घंटों तक कोई भी अधिकारी मौके पर नहीं पहुंचा।जब स्थानीय लोगों ने दोबारा रेलवे प्रशासन और आरपीएफ को सूचना दी तो मामला अधिकार क्षेत्र का बताकर जिम्मेदारी टाल दी गई। आरपीएफ ने मेमो भेजकर तिल्दा पुलिस को सूचना दे दी, जबकि स्थानीय पुलिस ने इसे रेलवे क्षेत्र का मामला बताते हुए जीआरपी की ओर इशारा कर दिया। थाना प्रभारी ने बताया कि मार्ग कम कर जांच की जा रही है दो दिनों तक शव को पहचान के लिए मरचुरी मैं सुरक्षित रखा जाएगा। यदि कोई वारिस सामने नहीं आएगा तो पुलिस द्वारा समाजसेवी संस्थाओं के साथ महिला का कफन दफन किया जाएगा ।फिलहाल जांच शुरू कर दी गई।



### सम्मान के लिए सात घंटे की प्रतीक्षा

सुप्रीम कोर्ट स्पष्ट कर चुका है कि किसी भी शिकायत या घटना को क्षेत्राधिकार के नाम पर लेने से इनकार नहीं किया जा सकता। जीरो एफआईआर की व्यवस्था इसी उद्देश्य से बनाई गई है कि पीड़ित या घटना कार्रवाई के अभाव में न फंसे। फिर एक मृत महिला के मामले में पुलिस विभागों के बीच यह सीमा विवाद क्यों चलता रहा? एक ओर सरकार संवेदनशील प्रशासन और सुशासन के दावे करती है, दूसरी ओर एक लावारिस वृद्ध महिला की लाश घंटों तक सम्मान की प्रतीक्षा करती रहती है। सवाल सिर्फ एक शव का नहीं है, सवाल उस व्यवस्था का है जो इंसानियत से पहले अपनी सीमाएं तलाशती है। अगर मौत के बाद भी सम्मान पाने के लिए सात घंटे इंतजार करना पड़े, तो फिर व्यवस्था की संवेदनशीलता पर सवाल उठना लाजिमी है।

### कागजी कार्रवाई के नाम कार्रवाई थमी रही

नतीजा यह हुआ कि एक महिला का शव लगभग 7 घंटे तक मौके पर पड़ा रहा और पुलिस विभागों के बीच कागजी कार्रवाई घूमती रही। इस दौरान लोगों में भारी नाराजगी देखने को मिली। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार वृद्ध महिला कई दिनों से रात के समय इसी स्थान पर दिखाई देती थी, शहर के समाज सेवी युवराज शर्मा.नीरजशर्मा ,गोला ज्ञान चंदानी रज महिला व अन्य को भोजन खिलाते थे .रात को भी महिला को भोजन दिया गया था ..लेकिन सुबह उसकी लाश पड़ी मिली .. हलाकि उसकी पहचान अभी उसकी पहचान अब तक नहीं हो सकी है।

### समाजसेवी संस्थाओं के साथ किया जाएगा कफन दफन

उधर करीब 6 घंटे बाद तिल्दा थाना प्रभारी रमाकांत तिवारी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पंचनामा कार्रवाई के बाद शव पर उसने ससम्मान सफेद कफन ढककर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया ..इस दौरान टीआई ने जिस सम्मान के साथ महिला को एंबुलेंस पर चढाया तो वह खड़े लोग पुलिस की जमकर प्रशंसा करते दिखे। इतना ही नहीं पुलिस थाने में पदस्थ प्रधान आरक्षक जलं सिह और एक अन्य आरक्षक ने बाकायदा उसे अपने हाथों से उठाकर एक प्रकार से कंधा देते हुए शव को एंबुलेंस में चढ़ाया। हालांकि देरी के कारण पुलिस की प्रशंसा के साथ कुछ लोगों में नाराजगी भी दिखी।

## भंडारपुरी सुशासन तिहार में किसानों का प्रमाण-पत्र उपकरण व किट वितरित



**आरंग।** प्रदेश सरकार द्वारा 01 मई से 10 जून तक आयोजित सुशासन तिहार के अंतिम दिवस भण्डारपुरी धाम स्थित शासकीय विद्यालय परिसर में विशाल जन समस्या निवारण शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कौशल विकास, तकनीकी शिक्षा एवं रोजगार तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री गुरु खुशवंत साहेब जी मुख्य रूप से उपस्थित रहे। शिविर में क्षेत्र के ग्रामीणों एवं आम नागरिकों ने बड़ी संख्या में पहुंचकर अपनी समस्याएं, मांगें एवं आवेदन प्रस्तुत किए। विभिन्न विभागों द्वारा लगाए गए स्टॉलों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने आमजन की समस्याओं का त्वरित निराकरण करते हुए आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही पात्र हितग्राहियों को विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत सामग्री, प्रमाण-पत्र, कृषि उपकरण, किट एवं अन्य लाभों का वितरण किया गया।

**योजनाओं का अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना है उद्देश्य : खुशवंत साहेब** - इस अवसर पर मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में सुशासन तिहार का उद्देश्य शासन की योजनाओं और सेवाओं को अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना तथा जनता की समस्याओं का समयबद्ध निराकरण सुनिश्चित करना है। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर संवेदनशीलता एवं तत्परता के साथ कार्यवाही करने के निर्देश दिए। साथ ही मंत्री गुरु खुशवंत साहेब ने सभी जनमानस को देश के यशस्वी प्रधानमंत्री माननीय श्री नरेंद्र मोदी के सेवा के, विकास के, जनकल्याण के ऐतिहासिक 12 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने एवं भारत के सबसे अधिक समय तक निरंतर निर्वाचित प्रधानमंत्री रहने का गौरव प्राप्त होने पर सभी को बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस दौरान उन्होंने विकसित भारत 2047 के संकल्प को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री जी के साथ कदम से कदम मिलाकर चलने का आह्वान किया। कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष नवीन अग्रवाल, जिला पंचायत सभापति गुरु सौरभ साहेब, सहित जनप्रतिनिधिगण, विभिन्न विभागों के जिला/ब्लॉक स्तरीय अधिकारी-कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## सियान जतन योजना वृद्धों की स्वास्थ्य के लिए बना वरदान



**आरंग।** आयुष विभाग की महत्वाकांक्षी एवं जनहितकारी सियान जतन योजना वृद्धजनों के लिए वरदान साबित हो रही है। शासकीय आयुर्वेद औषधालय नारा (आयुष्मान आरोग्य मंदिर आयुष) में 2 मई 2022 से लगातार प्रत्येक गुरुवार को सियान जतन के अंतर्गत विशेष ओपीडी का आयोजन किया जा रहा है। पिछले चार वर्षों से संचालित इस योजना के माध्यम से क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिकों को निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। योजना के तहत वृद्ध महिला एवं पुरुषों की स्वास्थ्य जांच कर उन्हें आवश्यकतानुसार निःशुल्क औषधियों का वितरण किया जाता है।**अनिंद्रा, बीपी में शुगर के मरीज लाभान्वित :** शिविर में विशेष रूप से वातरोग, अनिद्रा, उच्च रक्तचाप, मधुमेह, चर्म रोग सहित विभिन्न आयु-संबंधी बीमारियों का उपचार किया जाता है। नारा ग्राम के अलावा आसपास के कई गांवों से भी बड़ी संख्या में बुजुर्ग प्रत्येक गुरुवार को इस विशेष ओपीडी का लाभ लेने पहुंचते हैं। सियान जतन कार्यक्रम के दौरान समय-समय पर नेत्र परीक्षण, योग परामर्श तथा स्वास्थ्य जागरूकता संबंधी गतिविधियों का भी आयोजन किया जाता है, जिससे वृद्धजनों को समग्र स्वास्थ्य लाभ मिल सके। आयुर्वेद औषधालय नारा की चिकित्सा अधिकारी डॉ. संगीता धीरहे ने बताया कि सियान जतन योजना आयुष विभाग की सबसे सफल योजनाओं में से एक है। प्रदेश के सभी आयुर्वेदिक औषधालयों में इसका नियमित संचालन किया जा रहा है। इसके साथ ही आयुर्वेद चिकित्सालयों तथा होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सा संस्थानों में भी इस प्रकार की सेवाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। डॉ. धीरहे ने क्षेत्र के सभी वरिष्ठ नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि वे प्रत्येक गुरुवार आयोजित विशेष ओपीडी में पहुंचकर योजना का अधिक से अधिक लाभ उठाएं और अपने स्वास्थ्य की नियमित जांच कराएं। यह योजना वृद्धजनों को सुलभ, निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराने की दिशा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

## रीवा में धर्मशाला निर्माण के लिए हुआ भूमिपूजन



**आरंग।** बुधवार को ग्राम रीवा में पंचायत के प्रतिनिधियों व ग्रामीणों ने एकत्रित होकर धर्मशाला निर्माण के लिए पूजा-अर्चना कर भूमिपूजन किया। ग्राम के बुजुर्ग सरपंच घसियाराम साहू ने बताया कि कैबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहेब द्वारा धर्मस्व विभाग से रीवा में धर्मशाला निर्माण की स्वीकृति प्रदान की गई है। वहीं गांव में धर्मशाला की स्वीकृति मिलने पर ग्रामीणों ने मंत्री गुरु खुशवंत तथा धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री राजेश अग्रवाल का आभार जताया। भूमिपूजन कार्यक्रम में ग्राम के सरपंच घसियाराम साहू, पंच चंद्रकली डहरिया, धनेश्वरी ढीढी, सुषमा चंद्राकर, योगेश्वरी साहू, फूलेश्वरी साहू, रमेश चंद्राकर, पंच प्रतिनिधि संजू ढीढी, अश्वनी चंद्राकर, पूर्व पंच सुकलाल बंजारे सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए।

## मवेशियों से भरा लावारिस वाहन जब्त व दो गिरफ्तार

**आरंग।** करीब एक माह पूर्व आरंग थाना क्षेत्र के ग्राम गुदगुदा-गुल्लू मार्ग पर लावारिस हालत में मिले मवेशियों से भरे माजदा वाहन के मामले में पुलिस को सफलता मिली है। मामले की विवेचना के दौरान पुलिस ने मवेशी तस्करी में संलिप्त दो आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश कर दिया है। गौरतलब है कि 9 मई की रात मुखबिर की सूचना पर आरंग पुलिस ने ग्राम गुदगुदा के पास घेराबंदी की थी। इस दौरान वाहन क्रमांक युपी 83 सीटी 8790 का चालक पुलिस को देखकर अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गया था। वाहन की तलाशी लेने पर उसमें 19 मवेशियों को अमानवीय तरीके से ठूंसकर बिना चारा-पानी के परिवहन करते हुए पाया गया। विवेचना के दौरान जुटाए गए साक्ष्यों एवं तकनीकी जांच के आधार पर पुलिस ने अशोक कुमार यादव (48 वर्ष), निवासी फिरोजाबाद, उत्तर प्रदेश और खम्मनलाल कुर्रे (41 वर्ष), निवासी ग्राम गुदगुदा, आरंग को मामले में गिरफ्तार किया है। दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया गया। प्रकरण में थाना आरंग आरोपियों के विरूद्ध छत्तीसगढ़ कृषक पशु परिरक्षण अधिनियम 2004 की धारा 4, 6 एवं 10 तथा मोटरयान अधिनियम की धारा 66/192 के तहत अपराध दर्ज कर जांच शुरू की गई थी।



## शिकायतों के बाद भी नहीं थम रहा रेत का भंडारण

**आरंग।** आरंग क्षेत्र में अवैध रेत भंडारण और परिवहन का मामला लगातार सुर्खियों में बना हुआ है। काकदेही, हरदीडीह, मोहमेला, कुरूद और कुटेला में ग्रामीणों के विरोध के बावजूद कई स्थानों पर खुलेआम रेत का अवैध भंडारण किया जा रहा है। इससे न केवल पर्यावरण को नुकसान पहुंच रहा है, बल्कि सरकारी भूमि और जल स्रोत भी प्रभावित हो रहे हैं। शिकायतों के बावजूद प्रभावी कार्रवाई नहीं होने से स्थानीय लोगों में नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों के अनुसार, क्षेत्र के कुछ गांवों में बड़े पैमाने पर रेत डंप कर उसका कारोबार संचालित किया जा रहा है। इसके लिए माफिया द्वारा तालाबों के आसपास की भूमि और अन्य सार्वजनिक स्थानों का उपयोग किया जा रहा है। इससे जल संरक्षण संरचनाओं के अस्तित्व पर खतरा मंडराने लगा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों का कहना है कि मामले की जानकारी कई बार संबंधित विभागों और प्रशासनिक अधिकारियों को दी जा चुकी है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई दिखाई नहीं दे रही है।




### शपथ पत्र

ईश्वर पटेल, उम्र 41 वर्ष पिता श्री दऊवा राम पटेल, जाति मरार निवासी ग्राम भेलवाडीह पो. उपरवारा थाना राखी (नवा रायपुर) तहसील अभनपुर जिला रायपुर छ.ग. पिन नं. 493661 मो.नं. 9009328660 आ.नं. 5385 3728 7271 .....शपथकर्ता

मैं शपथकर्ता निम्नानुसार शपथपूर्वक कथन करता हूं कि -

1. यह कि मेरा नाम पता आदि उपर लिखे अनुसार है।
2. यह कि मैने मा.शि.मं. म.प्र. भोपाल द्वारा आयोजित हाईस्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2000-2001 में नियमित परीक्षार्थी के रूप मे सम्मिलित होकर उत्तीर्ण किया है यह कि उक्त अंकसूची में मेरा नाम ESHWAR KUMAR PATEL S/O DAUWARAM PATEL अंकित है तथा मेरे ड्रायविंग लायसेंस में भी यही नाम अंकित है ।
3. यह कि मेरे आधार कार्ड एवं पेन कार्ड, बैक खाता एवं अन्य सभी दस्तावेजों में मेरा नाम ISHWAR PATEL S/O DAUWA RAM PATEL अंकित है ।
4. यह कि उपरोक्त दोनों नाम ESHWAR KUMAR PATEL एवं ISHWAR PATEL मेरे स्वयं के नाम है यह कि भविष्य में शासकीय, अशासकीय एवं अन्य संस्थाओं कार्यालयो में मै ISHWAR PATEL S/O DAUWA RAM PATEL के नाम से जाना पहचाना जाउंगा ।
5. यह कि मेरे द्वारा दी गयी जानकारी के किसी भी अंश असत्य पाये जाने पर समस्त जिम्मेदारी मेरी स्वयं की होगी।

शपथकर्ता

सत्यापन

मै शपथकर्ता शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि उपरोक्त शपथपत्र की कंडिका 1 से 5 तक में दी गयी जानकारी सत्य व सही होने से अपना हस्ताक्षर कर सत्यापित किया।

11 JUN 2026 सत्यापनकर्ता

### :: आम सूचना ::

**वाके मौजा ग्राम - मोवा, प.ह.नं. 109/45, रा. नि. मं.-रायपुर-7-मोवा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित "आधारशिला टॉवर" के द्वितीय तल पर स्थित फ्लैट नं.-204, खसरा नंबर- 487/6 का भाग क्षेत्रफल 990 वर्गफुट के संबंध में**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने विक्रेता श्री अमित गंग, पिता- श्री प्रेमचंद गंग, निवासी-फ्लैट नं.-306, तृतीय तल, आधारशीला टावर, छत्तीसगढ़ हास्पिटल के पास, मोवा, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की वाके मौजा ग्राम-मोवा, प.ह.नं. 109/45, रा.नि.मं.- रायपुर-7-मोवा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित "आधारशिला टॉवर" के द्वितीय तल पर स्थित फ्लैट नं.- 204, खसरा नंबर-487/6 का भाग क्षेत्रफल 990 वर्गफुट को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है तथा जिसका पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय-अर्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेवे। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

रायपुर (छ.ग.) दिनांक : ....

**हरनाम सुंदरानी सुयश सुंदरानी, अमित कुमार सोनी (अधिवक्तागण ) लिबर्टी सेंटर कचहरी चौक, रायपुर (छ.ग.) मोबाईल नंबर - 93027-81154**

### // आम सूचना //

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि अटल आवास योजना बेलभाठा अभनपुर मे स्वतंत्र भवन क्रमांक 81 श्रीमती श्यामा बाई गुप्ता पति श्री भगवान दास गुप्ता के नाम पर आबंटित किया गया है आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि भुगतान कर पंजीयन कार्यालय से दिनांक 02.05.2014 को लीजडीड (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3025 दिनांक 19.08.2014 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है।

श्रीमती श्यामा बाई गुप्ता पति श्री भगवान दास गुप्ता की मृत्यु दिनांक 08.12.2020 को हो गया है श्री चेतन गुप्ता श्री भगवान दास गुप्ता ने अपने मां की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र एवं सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन क्रमांक 81 को श्री चेतन गुप्ता पिता भगवान दास गुप्ता के नाम से रखने पर किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल प्रक्षेत्र-नवा रायपुर अटल नगर**

### न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर मामले की श्रेणीः राजस्व

संदर्भ :- जिला- रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.नं.- 00014 निमौरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202526441631900051

**ईश्तहार**

तहसील अभनपुर के प.ह.नं. 00014 के अंतर्गत ग्राम निमौरा के वर्तमान भूमिस्वामी केशलाल पिता/पति-दुकलहा पता-सा.देह , रविकुमार पिता/पति-सुकालू पता-सा.देह , सावित्री पिता/पति-सुकालू पता-सा.देह , रामबाई पिता/पति-दुकलहा पता-सा.देह , विश्वनाथ पिता/पति-दुकलहा पता-सा.देह , राजकुमार पिता/पति-सुकालू पता-सा.देह , देवचरण पिता/पति-दुकलहा पता-सा.देह , छबिलाल पिता/पति-सुकालू पता-सा.देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 75/3 (0.0490), 240/2(0.1780), 248/1 (0.1700), 947/2 (0.0690) में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता केशलाल पिता/पति-दुकलहा पता-सा.देह , विश्वनाथ पिता/पति-दुकलहा पता-सा.देह , देवचरण पिता/पति-दुकलहा पता-सा.देह के नाम पर पंजीयन / फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03/07/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/06/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर **नायब तहसीलदार : VIPIN PATEL तहसील-अभनपुर**

### आम सूचना

**(ग्राम - गोबरा नवापारा, प.ह.नं. 23, रा.नि.मं. गोबरा नवापारा, तहसील गोबरा नवापारा एवं जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 400/2 एवं रकबा 0.7880 हेक्टेयर के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार देवनाथ कंसारी, नारायण कंसारी, यशवंत कंसारी, पदमनी कंसारी, यमुना कंसारी, ज्योति कंसारी, सभी पिता स्व. श्री दशरथ, सभी निवासी- म. नं. 166, वार्ड नं. 11, कुर्मी पारा, सिवनी कला, धमतरी, तहसील एवं जिला धमतरी (छ.ग.) के द्वारा पंजीकृत आम मुख्त्यारनामा के माध्यम से उपरोक्त भूमि खसरा नंबर 400/2, रकबा 0.7880 हेक्टेयर में से 0.6280 हेक्टेयर का महेश सोनकर, पिता - श्री केशव सोनकर, निवासी - वार्ड नं. 10, सोनकर पारा, तहसील गोबरा नवापारा एवं जिला रायपुर (छ.ग.) को अपना मुख्त्यार आम नियुक्त किया गया था, जिसका पंजीयन उप-पंजीयक कार्यालय, अभनपुर में दिनांक 19/05/2026 को पुस्तक क्रमांक अ- 4, ग्रन्थ क्रमांक 135, पृष्ठ क्रमांक 460 से 473 में विलेख क्रमांक CG-2026-27-057-4-45 देकर पंजीबद्ध किया गया।

अतएव उपरोक्त आम मुख्त्यारनामा को पंजीकृत आम मुख्त्यार निरस्ती पत्र के माध्यम से मेरे पक्षकार के द्वारा महेश सोनकर को दिए गए समस्त अधिकार को समाप्त कर दिया गया है, जिसका पंजीयन उप-पंजीयक कार्यालय, अभनपुर में दिनांक 09/06/2026 को पुस्तक क्रमांक अ-4, ग्रन्थ क्रमांक 136, पृष्ठ क्रमांक 162 से 175 में विलेख क्रमांक CG- 2026-27-057-4-58 देकर पंजीबद्ध किया गया। अतः उक्त निरस्तीकरण के आधार पर महेश सोनकर द्वारा किये गए सभी विधि विपरीत एवं गैर क़ानूनी कार्य को शून्य एवं नाजायज माना व समझा जावेगा।

सो सूचना जाने।

स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 10/06/2026

**महादेव एसोसिएट्स, शंकर जगत, सिद्धार्थ जैन, अधिवक्तागण कार्यालय - शॉप नं. 1, ब्लाक नं. 4, पगारिया कॉम्पलेक्स, पंडरी, रायपुर (छ.ग.) मो. 9753431111**







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 में किस्त वितरण के नियम बदले, अब चार चरणों में अकाउंट में मिलेगी राशि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

खास खबर

छत्तीसगढ़ सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत लाभार्थी आधारित निर्माण (बीएलसी) घटक के लिए जारी दिशा-निर्देशों में संशोधन किया है। नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग ने सभी नगर निगम आयुक्तों तथा नगर पालिका और नगर पंचायतों के मुख्य नगर पालिका अधिकारियों को इस संबंध में आदेश जारी करते हुए नई किस्त व्यवस्था लागू करने के निर्देश दिए हैं। खास बात ये है कि अब हितग्राही को कुल 2.50 लाख रुपये का केंद्रीय-राज्य अनुदान चार चरणों में दिया जाएगा।

## निर्माण की प्रगति के अनुसार मिलेगी अनुदान राशि

नए निर्देशों के अनुसार भू-तल पर नए मकान निर्माण की स्थिति में हितग्राही को कुल 2.50 लाख रुपये का केंद्रीय-राज्य अनुदान चार चरणों में दिया जाएगा। फाउंडेशन पूरा होने पर 1 लाख रुपये, लिंटल स्तर तक निर्माण पर 50 हजार रुपये, छत निर्माण पर 50 हजार रुपये और कार्य पूर्ण होने पर 50 हजार रुपये की अंतिम किस्त जारी की जाएगी। इसके अतिरिक्त मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना के तहत 32,850 रुपये अलग से दिए जाएंगे। इस प्रकार कुल सहायता राशि 2,82,850 रुपये होगी।

## गृह प्रवेश सम्मान की राशि जुड़कर मिलेगी

इसी तरह भू-तल और प्रथम तल वाले नए निर्माण के लिए भी 2.50 लाख रुपये का अनुदान चार चरणों में मिलेगा। इसमें फाउंडेशन पर 1 लाख रुपये, भू-तल की छत बनने पर 50 हजार रुपये, प्रथम तल की छत बनने पर 50 हजार रुपये तथा निर्माण पूरा होने पर 50 हजार रुपये दिए जाएंगे। मुख्यमंत्री गृह प्रवेश सम्मान योजना की राशि जोड़कर कुल सहायता 2,82,850 रुपये होगी।




## तकनीकी निगरानी के लिए तय हुआ शुल्क

आदेश में कहा गया है कि वास्तुविद या इंजीनियर द्वारा भवन अनुज्ञा, मानचित्र अनुमोदन, निर्माण की चरणबद्ध निगरानी, जियो-टैगिंग तथा कार्य संपादन से जुड़े प्रत्येक प्रकरण के लिए अधिकतम 6,150 रुपये प्रति आवास का शुल्क मान्य होगा। यह राशि राज्य शहरी विकास अभिकरण द्वारा उपलब्ध कराई जाएगी।

## लाभार्थी बदलने या राशि समायोजन पर रोक

विभाग ने स्पष्ट किया है कि भारत सरकार द्वारा स्वीकृत बेनिफिशियरी मैपिंग में किसी प्रकार का बदलाव नहीं किया जा सकेगा। जिस हितग्राही के लिए केंद्र या राज्य सरकार द्वारा किस्त स्वीकृत और जारी की गई है, राशि उसी के खाते में हस्तांतरित करनी होगी। किसी अन्य लाभार्थी के साथ राशि का समायोजन या प्रतिस्थापन स्वीकार्य नहीं होगा।

## सीधे खाते में जाएगी किस्त

सभी नगरीय निकायों को निर्देश दिया गया है कि वे एसएनए-स्पर्श प्रणाली के दिशा-निर्देशों का पालन करते हुए अनुदान की राशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित करें। साथ ही, संबंधित निर्माण चरण के लिए स्वीकृत राशि का उपयोग केवल उसी हितग्राही और उसी निर्माण स्तर के लिए किया जाएगा। सरकार ने यह भी स्पष्ट किया है कि तेजी से निर्माण कार्य पूरा करने वाले हितग्राहियों के लिए अतिरिक्त मांग पत्र के आधार पर राशि तभी जारी की जाएगी, जब संबंधित किस्त की राशि भारत सरकार से प्राप्त हो जाए।

## क्या है महत्व?

नए निर्देशों का उद्देश्य पीएम आवास योजना-शहरी 2.0 के तहत आवास निर्माण की प्रगति के अनुरूप पारदर्शी भुगतान व्यवस्था सुनिश्चित करना, लाभार्थियों की पहचान में किसी प्रकार की गड़बड़ी रोकना तथा अनुदान राशि को सीधे पात्र हितग्राहियों तक पहुंचाना है। इससे योजना के क्रियान्वयन में जवाबदेही बढ़ने और निर्माण कार्यों की निगरानी मजबूत होने की उम्मीद है।

## खबर संक्षेप

### राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की सेवा अवधि में वृद्धि

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ शासन के सामान्य प्रशासन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार, भारत के संविधान की प्रदत्त शक्तियों तथा छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयुक्त (सेवा शर्तें) नियम के प्रावधानों के अंतर्गत राज्य निर्वाचन आयुक्त अजय सिंह की सेवा अवधि में वृद्धि की गई है। श्री सिंह को विभागीय अधिसूचना 1 जून 2024 के माध्यम से छत्तीसगढ़ राज्य निर्वाचन आयोग में राज्य निर्वाचन आयुक्त नियुक्त किया गया था। आगामी निर्वाचन को दृष्टिगत रखते हुए उनकी सेवा अवधि फरवरी 2027 तक अथवा राज्य निर्वाचन आयुक्त के पद पर नियमित पदस्थापना होने तक, जो भी पहले हो, के लिए बढ़ाई गई है।



### एनएमसी ने बताई कमियां, जिसे दूर करने जुटी सरकार : डॉ. मिश्रा

**रायपुर।** भाजपा प्रदेश प्रवक्ता डॉ. विजय शंकर मिश्रा ने कहा, एनएमसी ने पांच मेडिकल कॉलेज के निरीक्षण के दौरान दिसंबर में कुछ कमियां पाई थीं, इसमें भवन और उपकरण शामिल हैं। राज्य शासन को पहले से यह मालूम था कि कमियां मिलेंगी, इसलिए उन कमियों को अब दूर कर लिया गया है। यह संस्थागत प्रक्रिया का एक हिस्सा है। डॉ. मिश्रा ने कहा, हर बार नए कॉलेज के निरीक्षण के दौरान इस तरह की कठिनाइयां आती हैं। बुधवार को एनएमसी का जो पत्र आया है, उसमें केवल कमियां बताई गई हैं और उन कमियों को दूर करने के लिए कहा गया है।



### शराब की कमाई पर इतराना बंद करे भाजपा सरकार : धनेंद्र

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी के पूर्व अध्यक्ष धनेंद्र साहू ने कहा है कि प्रदेश के राजस्व मंत्री लखन लाल देवांगन का हालिया बयान भाजपा सरकार की नीति और नीयत दोनों को बेनकाब करता है। मंत्री स्वयं स्वीकार कर रहे हैं कि राज्य सरकार को केवल आबकारी विभाग एवं शराब की बिक्री से लगभग 10 हजार 500 करोड़ से अधिक का राजस्व प्राप्त हुआ है। इतना ही नहीं, उन्होंने यह भी कहा है कि महिलाओं के लिए संचालित "महतारी वंदन योजना" जैसी महत्वपूर्ण योजनाओं के लिए भी राशि शराब की कमाई से उपलब्ध कराई जा रही है।



### वर्तमान कार्यकारिणी में सरोज पांडेय और लता उसेंडी हैं उपाध्यक्ष

# नवीन की नई कार्यकारिणी 15 के बाद कभी भी, छत्तीसगढ़ को महामंत्री और उपाध्यक्ष का पद मिलने की संभावना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भाजपा के प्रदेश प्रभारी नितिन नवीन अब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं। इस माह 15 जून के बाद उनकी कार्यकारिणी का ऐलान होना है। उनकी नई कार्यकारिणी में छत्तीसगढ़ को बहुत अहमियत मिलने वाली है। छत्तीसगढ़ के किसी एक नेता को महामंत्री और एक को उपाध्यक्ष का पद मिलने की संभावना है। आधा दर्जन से ज्यादा नेताओं के नाम इसको लेकर चल रहे हैं। एक-दो नेताओं को कार्यकारिणी का सदस्य भी बनाया जा सकता है। एक बार सरोज पांडेय महामंत्री रह चुकी हैं। इस समय सरोज पांडेय के साथ लता उसेंडी उपाध्यक्ष हैं।

छत्तीसगढ़ के अलग राज्य बनने के बाद से ही छत्तीसगढ़ को हमेशा भाजपा के राष्ट्रीय संगठन में कोई न कोई पद मिलता रहा है। छत्तीसगढ़ को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह से लेकर सभी राष्ट्रीय नेता बहुत अहमियत देते हैं। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्षों का भी छत्तीसगढ़ से लगाव रहा है। छत्तीसगढ़ के लिए यह सौभाग्य की बात है कि भाजपा के इस बार के नए अध्यक्ष नितिन नवीन भी छत्तीसगढ़ के प्रभारी हैं। इसके पहले राजनाथ सिंह और जेपी नड्डा भी छत्तीसगढ़ के प्रभारी रहे और वे भी राष्ट्रीय अध्यक्ष बने। इनके राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने पर छत्तीसगढ़ को महत्व भी मिला। नितिन नवीन के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद प्रदेश के कई नेताओं को बंगाल, असम के चुनाव में अहम जिम्मेदारी दी गई थी। छत्तीसगढ़ के नेताओं ने वहां पर कमाल भी किया है। अब ऐसे नेताओं को उनकी मेहनत का इनाम देने की तैयारी है।



## सरोज-रामविचार रहे हैं महामंत्री





सरोज पांडेय प्रदेश की एकमात्र नेत्री हैं जो राष्ट्रीय महामंत्री रहीं हैं। वह भाजपा की राष्ट्रीय महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष भी रहीं हैं। करूणा शुक्ला भी राष्ट्रीय महिला मोर्चा की राष्ट्रीय अध्यक्ष रहने के साथ ही राष्ट्रीय उपाध्यक्ष भी रही हैं। रामविचार नेताम जहां अजजा मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष रहे हैं, वहीं वे राष्ट्रीय महामंत्री भी रहे हैं। इस समय सरोज पांडेय और लता उसेंडी राष्ट्रीय उपाध्यक्ष हैं। एक समय में राष्ट्रीय संगठन में डॉ. रमन सिंह, सरोज पांडेय और लता उसेंडी तीन उपाध्यक्ष थे। 2023 में विधानसभा का चुनाव जीतने के बाद जब प्रदेश में भाजपा की सरकार बनी और डा. रमन सिंह विधानसभा अध्यक्ष बने तो उन्होंने राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के पद से इस्तीफा दिया। इस समय धरमलाल कौशिक और अजय चंद्राकर राष्ट्रीय कार्यकारिणी में सदस्य हैं।

## दावेदरों में इनके नाम

अब नितिन नवीन की नई कार्यकारिणी में भी प्रदेश के नेताओं को अहमियत मिलेगी। श्री नवीन प्रदेश के हर नेता के बारे में जानते हैं, ऐसे में वे किसी भी नेता को बड़ी जिम्मेदारी दे सकते हैं। श्री नवीन की टीम में प्रदेश के नए चेहरों को मौका मिल सकता है। प्रदेश के कई नेता श्री नवीन के करीबी हैं। बंगाल चुनाव में जहां एक तरफ प्रदेश के कई नेताओं को कमान दी गई थी, वहीं प्रदेश के सौरभ सिंह और राम गर्ग को नितिन नवीन की टीम में रखा गया था। इस समय जिन नामों की दावेदारों के रूप में चर्चा है, उनमें डिप्टी सीएम विजय शर्मा, राजनांदगांव के सांसद संतोष पांडेय, महासमुंद की सांसद रूप कुमारी चौधरी, राज्य सभा सांसद लक्ष्मी वर्मा, विधायक गोमती साय, सुशांत सिंह और सौरभ सिंह का नाम प्रमुख है। इनमें से किसी को भी महामंत्री और उपाध्यक्ष बनाया जा सकता है। जानकारों का यह भी कहना है कि इस बार छत्तीसगढ़ के किसी को राष्ट्रीय सह मीडिया प्रभारी भी बनाया जा सकता है।

# पुण्यतिथि पर विद्याचरण शुक्ल को किया याद

### कांग्रेस भवन और राधेश्याम भवन में कार्यक्रमों का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

पूर्व केन्द्रीय मंत्री, कांग्रेस के वरिष्ठतम नेता, छत्तीसगढ़ संघर्ष परिषद के संस्थापक, माओवादी हमले में शहीद विद्याचरण शुक्ल की पुण्यतिथि पर शहर जिला कांग्रेस ने कांग्रेस भवन और विद्याचरण उद्यान में श्रद्धांजलि दी। स्व. विद्याचरण शुक्ल 9 बार के संसदीय काल में छत्तीसगढ़ मध्यप्रदेश के उस दौर में नेहरू, इंदिरा, नरसिम्हाराव के प्रधानमंत्रित्व काल में छत्तीसगढ़ विशेष कर रायपुर के लिए दूरदर्शन, रेल-हवाई सुविधाओं में विस्तार, नेशनल हाईवे, औद्योगिक विकास, संचार सुविधाओं, राष्ट्रीय जलसंसाधन केंद्र एवं परियोजनाओं के लिए किए गए उनके प्रयासों को याद किया। भारतीय ओलंपिक संघ के अध्यक्ष एवं एशियाई खेल आयोजन समिति के अध्यक्ष के रूप में उनके द्वारा खेल कूद विकास के लिए किए गए प्रयासों को भी कांग्रेस जनों ने याद किया।



## राधेश्याम भवन में पुष्पाजंलि

प्रातः 9.30 बजे राधेश्याम भवन, लभाण्डी एवं 11 बजे विद्याचरण शुक्ल उद्यान, नगर पालिक निगम मुख्यालय के सामने उनके चित्र एवं प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर मनाई गई। श्रद्धांजलि सभा को जगदीश यादव उड़ीसा, रामअवतार देवांगन महामंत्री, नरेन्द्र तिवारी कोषाध्यक्ष, प्रमोद तिवारी उपाध्यक्ष, श्रीकुमार मेमन जिला अध्यक्ष शहर कांग्रेस ने सम्बोधित कर विद्या भैया की स्मृतियों को जीवंत किया। कार्यक्रम में प्रमुख रुप से जल कुमार मसंद उपाध्यक्ष, नितिन कुमार झा प्रवक्ता, शरद शुक्ला, प्रमोद चौबे, सुरेश मिश्रा, डॉ.उदयभान सिंह चौहान, संजय मिश्रा अभनपुर, बुलाकी वर्मा बेरला, सुरेश उपाध्याय, शिरीष अवस्थी, मनोज मिश्रा दुर्ग, उषा रज्जन श्रीवास्तव, आभा मुदलियार, ममता राय, गंगा यादव, राजेश पाल, सुनील बाजारी, सुरेन्द्र चौधरी भनपुरी, डॉ. अजय शर्मा, विकास गुप्ता, डॉ.चौलेश्वर चन्द्राकार, नवीन चन्द्राकार, विजय साहू शर्मा, राहुल शुक्ला सहित काफी संख्या में संघर्ष परिषद के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## ये थे मौजूद

आज कांग्रेस भवन में आयोजित श्रद्धांजलि कार्यक्रम में शहर कांग्रेस अध्यक्ष श्रीकुमार शंकर मेनन, ग्रामीण अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे, वरिष्ठ कांग्रेस नेता प्रमोद चौबे, विकास उपाध्याय, कुलदीप जुनेजा, पंकज शर्मा, बलजीत भाटिया, मनोज कंदोई, जसबीर ढिल्लन, कन्हैया अग्रवाल, ओम श्रीवास, कमल धृतलहरे, सुंदरलाल जोगी, फहीम ख़ान, प्रशांत ठेंगड़ी, हीरेंद्र देवांगन, उषा रंजन श्रीवास्तव, ममता राय, गंगा यादव, हाजरन बानो, सुरेश बुधवानी, ईश्वरी नामदेव आदि मौजूद थे।

# जनगणना के अगले चरण में अब गांव-शहरों के डिजिटल नक्शों का होगा सत्यापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ में जनगणना के काम को लेकर मकानों का सूचीकरण कर लिया गया है, लेकिन इसके बाद अब असली काम शुरू करने की तैयारी है। देश में जनगणना 2027 की तैयारियां तेज हो गई हैं। केंद्र सरकार ने पहले राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों से 2011 के बाद बने नए जिलों, तहसीलों, गांवों, नगरों और बदली हुई प्रशासनिक सीमाओं का पूरा ब्योरा मांगा था। अब इस प्रक्रिया को आगे बढ़ाते हुए जनगणना आयुक्त कार्यालय ने सभी राज्यों को आधारभूत नक्शों (बेस मैप्स) को अद्यतन करने और उनकी पुष्टि कराने के निर्देश जारी किए हैं।

नई गाइडलाइन बताती है कि जनगणना 2027 केवल आबादी गिनने का अभियान नहीं होगी, बल्कि यह देश की प्रशासनिक और भौगोलिक सीमाओं के व्यापक डिजिटल सत्यापन की प्रक्रिया भी होगी।

## प्रशासनिक बदलावों के बाद अब मैपिंग पर फोकस




### डिजिटल जनगणना की नींव तैयार कर रहा केंद्र

जनगणना 2027 के लिए राज्यों, जिलों, तहसीलों, गांवों, नगरों और वार्डों की सीमाओं का जियो-रेफरेंस्ड डिजिटल डाटाबेस तैयार किया जा रहा है। इसका उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि जनगणना के दौरान देश का कोई भी क्षेत्र छूटे नहीं और कहीं भी दोहरी गणना की स्थिति न बने। यह डिजिटल भू-स्थानिक (जियोस्पेशियल) डाटा भविष्य की डिजिटल जनगणना का आधार बनेगा और फील्ड कार्यों की निगरानी को भी आसान करेगा।

### पहले चरण में जुटाई जा रही हैं प्रशासनिक बदलावों की जानकारी

जनगणना आयुक्त कार्यालय ने अगस्त 2025 में जारी पहले परिपत्र में राज्यों को निर्देश दिया था कि 1 जनवरी 2010 से 31 दिसंबर 2025 तक हुए सभी प्रशासनिक बदलावों का रिकॉर्ड तैयार किया जाए। इसमें नए जिले, नई तहसीलें, नए गांव, नगर सीमा विस्तार, वार्ड परिसीमन, गांवों के विलय या विभाजन और नाम परिवर्तन जैसी जानकारियां शामिल हैं। राज्यों से इन बदलावों का विवरण निर्धारित प्रपत्रों में मांगा गया है ताकि जनगणना के लिए एक अद्यतन प्रशासनिक ढांचा तैयार किया जा सके।

### अब हर गांव , वार्ड का नक्शा होगा सत्यापित

नए परिपत्र में निर्देश दिया गया है कि प्रशासनिक बदलावों को जियोस्पेशियल मैप्स में शामिल किया जाए। इसके लिए राज्यों को राजस्व, सर्वे, भू-अभिलेख, भारत मैप्स, जल जीवन मिशन और पीएमजीएसवाई जैसी सरकारी स्रोतों से प्रमाणित डाटा लेने को कहा गया है। यदि किसी गांव या क्षेत्र की सीमा स्पष्ट नहीं है, तो संबंधित राज्य सरकार से खसरा या कैडस्ट्रल नक्शे लेकर सीमाओं का निर्धारण किया जाएगा।

# आयुर्वेद तथा यूनानी चिकित्सा परिषद् के चुनाव की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

छत्तीसगढ़ आयुर्वेदिक, यूनानी तथा प्राकृतिक चिकित्सा परिषद्, रायपुर के तृतीय परिषद् गठन के लिए निर्वाचन कार्यक्रम की आधिकारिक घोषणा कर दी गई है। इस चुनाव में राज्य के पांचों राजस्व संभागों रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, बस्तर और सरगुजा से डाक मतपत्र के जरिए एक-एक प्रतिनिधि चुना जाएगा। निर्वाचन पदाधिकारी एवं रजिस्ट्रार डॉ. संजय शुक्ला ने बताया कि इस चुनाव में केवल वे 5187 पंजीकृत चिकित्सक ही मतदाता या उम्मीदवार बन सकेंगे, जिनका नाम 19 दिसंबर 2025 के राजपत्र में प्रकाशित अंतिम मतदाता सूची में दर्ज है।

संभागवार प्रतिनिधियों के चुनाव के लिए 15 से 19 जून 2026 तक नामांकन पत्रों का वितरण किया जाएगा। उम्मीदवार 25 जून की दोपहर 12 बजे तक अपना नामांकन परिषद् कार्यालय में जमा कर सकेंगे, जिनकी जांच 30 जून को की जाएगी। यह चुनाव प्रक्रिया पूरी तरह से डाक मतपत्र पर आधारित होगी। मतदाताओं को उनके व्यावसायिक पते पर डाक मतपत्र भेजे जाएंगे। मतदान करने के बाद इन मतपत्रों को 17 सितंबर 2026 तक वापस भेजना अनिवार्य होगा। इसके बाद 30 सितंबर 2026 को दोपहर 12 बजे से मतों की गिनती कर परिणाम घोषित किए जाएंगे। विस्तृत जानकारी परिषद् की आधिकारिक वेबसाइट **www.cgaupcb.in** पर उपलब्ध है।




### ग्रीष्म कालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाया जाय : बैज

**रायपुर।** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने सरकार से मांग की है कि भीषण गर्मी को देखते हुये स्कूलों का ग्रीष्म कालीन अवकाश 30 जून तक बढ़ाया जाए तथा स्कूल 1 जुलाई से शुरू किया जाये। उन्होंने कहा, इस समय प्रदेश में तापमान 45 डिग्री के आसपास है।


**:: आम सूचना ::**

**वाके मौजा ग्राम - मोवा, प.ह.नं. 109/45, रा. नि. मं.-रायपुर-7-मोवा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित "आधारशिला टॉवर" के द्वितीय तल पर स्थित फ्लैट नं.-204, खसरा नंबर- 487/6 का भाग क्षेत्रफल 990 वर्गफुट के संबंध में**

एतद् द्वारा सर्व साधारण जनता को सूचित किया जाता है कि हमारे पक्षकार ने विक्रेता श्री अमित गंग, पिता- श्री प्रेमचंद गंग, निवासी-फ्लैट नं.-306, तृतीय तल, आधारशीला टावर, छत्तीसगढ़ हास्पिटल के पास, मोवा, रायपुर (छ.ग.) के स्वामित्व एवं आधिपत्य की वाके मौजा ग्राम-मोवा, प.ह.नं. 109/45, रा.नि.मं.-रायपुर-7-मोवा, तहसील व जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित "आधारशिला टॉवर" के द्वितीय तल पर स्थित फ्लैट नं.- 204, खसरा नंबर-487/6 का भाग क्षेत्रफल 990 वर्गफुट को खरीदने का पक्का सौदा कर लिया है तथा जिसका पंजीयन किया जाना शेष है।

उपरोक्त वर्णित संव्यवहार के संबंध में किसी भी व्यक्ति, संस्था, फर्म, सोसायटी, बैंक, शासकीय-अर्धशासकीय निकाय, महाजन अथवा किसी पारिवारिक सदस्य या अन्य को किसी भी प्रकार से कोई उजर, दावा या आपत्ति हो तो इस आम सूचना के प्रकाशन तिथि से 7 दिनों के भीतर हमारे कार्यालय में मय दस्तावेज प्रत्यक्ष रूप से अपनी लिखित आपत्ति प्रस्तुत कर पावती लेवे। समयावधि पश्चात की गई किसी भी प्रकार की आपत्ति या उजर हमारे पक्षकार पर बंधनकारी नहीं होगी तथा इसके समक्ष शून्य व अवैध समझी जावेगी तथा हमारे पक्षकार के पक्ष में बैनामा पंजीयन का निष्पादन करा लिया जावेगा।

रायपुर (छ.ग.) दिनांक : ....

**हरनाम सुदंरानी सुयश सुंदरानी, अमित कुमार सोनी (अधिवक्तागण ) लिबर्टी सेंटर कचहरी चौक, रायपुर (छ.ग.)**
**मोबाईल नंबर - 93027-81154**

**// आम सूचना //**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि अटल आवास योजना बेलभाठा अभनपुर मे स्वतंत्र भवन क्रमांक 81 श्रीमती श्यामा बाई गुप्ता पति श्री भगवान दास गुप्ता के नाम पर आबंटित किया गया है आबंटी द्वारा उक्त भवन के मद में पूर्ण राशि भुगतान कर पंजीयन कार्यालय से दिनांक 02.05.2014 को लीजडीड (रजिस्ट्री) का निष्पादन करा लिया गया है तथा इस कार्यालय के पत्र क्रमांक 3025 दिनांक 19.08.2014 को आधिपत्य आदेश प्राप्त कर लिया गया है।

श्रीमती श्यामा बाई गुप्ता पति श्री भगवान दास गुप्ता की मृत्यु दिनांक 08.12.2020 को हो गया है श्री चेतन गुप्ता श्री भगवान दास गुप्ता ने अपने मां की मृत्यु होने के उपरांत उक्त भवन को अपने नाम पर नामांतरण करने हेतु आवेदन पत्र के साथ मृत्यु प्रमाण पत्र एवं सहमति पत्र एवं अन्य दस्तावेज प्रस्तुत किया गया है।

अतः उक्त भवन क्रमांक 81 को श्री चेतन गुप्ता पिता भगवान दास गुप्ता के नाम से रखने पर किसी व्यक्ति शासकीय व अर्द्धशासकीय संस्था, निकाय, बैंक, अथवा वित्तीय संस्था, को कोई आपत्ति हो तो इस आम सूचना प्रकाशन के 15 दिवस के अन्दर लिखित आपत्ति मय दस्तावेज अधोहस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत करें। अन्यथा बाद में प्राप्त होने वाली आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

**संपदा अधिकारी**
**छत्तीसगढ़ गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल**
**प्रक्षेत्र-नवा रायपुर अटल नगर**

**न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर**
**मामले की श्रेणी: राजस्व**

संदर्भ :- जिला- रायपुर तहसील-अभनपुर प.ह.नं.- 00014 निमौरा ग्राम के नामांतरण पंजी में पंजीबद्ध प्रकरण क्रमांक- RD202526441631900051

**ईश्तहार**

तहसील अभनपुर के प.ह.नं. 00014 के अंतर्गत ग्राम निमौरा के वर्तमान भूमिस्वामी केशलाल पिता/पति-दुकलहा पता-सा.देह , रविकुमार पिता/पति-सुकालू पता-सा.देह , सावित्री पिता/पति-सुकालू पता-सा.देह , रामबाई पिता/पति-दुकलहा पता-सा.देह , विश्वनाथ पिता/पति-दुकलहा पता-सा.देह , राजकुमार पिता/पति-सुकालू पता-सा.देह , देवचरण पिता/पति-दुकलहा पता-सा.देह , छबिलाल पिता/पति-सुकालू पता-सा.देह के द्वारा धारित भूमि खसरा क्रमांक 75/3 (0.0490), 240/2(0.1780), 248/1 (0.1700), 947/2 (0.0690) में प्रस्तावित भूमिस्वामी /क्रेता केशलाल पिता/पति-दुकलहा पता-सा.देह , विश्वनाथ पिता/पति-दुकलहा पता-सा.देह , देवचरण पिता/पति-दुकलहा पता-सा.देह के नाम पर पंजीयन / फौती होने के उपरांत नामांतरण / अभिलेख दुरुस्ती / खाता विभाजन के लिए प्रकरण अधोहस्ताक्षरकर्ता के न्यायालय में पंजी विचाराधीन है। इस प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03/07/2026 को समय सुबह 11 बजे स्थान न्यायालय न्यायालय नायब तहसीलदार अभनपुर पर की जावेगी।

उपरोक्त के संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को कोई दावा आपत्ति हो तो इश्तहार प्रकाशन उपरांत प्रकरण की आगामी सुनवाई के पूर्व या सुनवाई के समय अपना दावा आपत्ति स्वयं / अधिवक्ता / आममुख्तयार के माध्यम से पेश कर सकते हैं। प्रकरण के सुनवाई के लिए निर्धारित तिथि के उपरांत प्राप्त दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह ईश्तहार मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से आज दिनांक 10/06/2026 को जारी किया जाता है।

मुहर

**नायब तहसीलदार : VIPIN PATEL**
**तहसील-अभनपुर**

**आम सूचना**

**(ग्राम - गोबरा नवापारा, प.ह.नं. 23, रा.नि.मं. गोबरा नवापारा, तहसील गोबरा नवापारा एवं जिला रायपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 400/2 एवं रकबा 0.7880 हेक्टेयर के संबंध में)**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार देवनाथ कंसारी, नारायण कंसारी, यशवंत कंसारी, पदमनी कंसारी, यमुना कंसारी, ज्योति कंसारी, सभी पिता स्व. श्री दशरथ, सभी निवासी- म. नं. 166, वार्ड नं. 11, कुर्मी पारा, सिवनी कला, धमतरी, तहसील एवं जिला धमतरी (छ.ग.) के द्वारा पंजीकृत आम मुख्त्यारनामा के माध्यम से उपरोक्त भूमि खसरा नंबर 400/2, रकबा 0.7880 हेक्टेयर में से 0.6280 हेक्टेयर का महेश सोनकर, पिता - श्री केशव सोनकर, निवासी - वार्ड नं. 10, सोनकर पारा, तहसील गोबरा नवापारा एवं जिला रायपुर (छ.ग.) को अपना मुख्त्यार आम नियुक्त किया गया था, जिसका पंजीयन उप-पंजीयक कार्यालय, अभनपुर में दिनांक 19/05/2026 को पुस्तक क्रमांक अ- 4, ग्रन्थ क्रमांक 135, पृष्ठ क्रमांक 460 से 473 में विलेख क्रमांक CG-2026-27-057-4-45 देकर पंजीबद्ध किया गया।

अतएव उपरोक्त आम मुख्त्यारनामा को पंजीकृत आम मुख्त्यार निरस्ती पत्र के माध्यम से मेरे पक्षकार के द्वारा महेश सोनकर को दिए गए समस्त अधिकार को समाप्त कर दिया गया है, जिसका पंजीयन उप-पंजीयक कार्यालय, अभनपुर में दिनांक 09/06/2026 को पुस्तक क्रमांक अ-4, ग्रन्थ क्रमांक 136, पृष्ठ क्रमांक 162 से 175 में विलेख क्रमांक CG- 2026-27-057-4-58 देकर पंजीबद्ध किया गया। अतः उक्त निरस्तीकरण के आधार पर महेश सोनकर द्वारा किये गए सभी विधि विपरीत एवं गैर क़ानूनी कार्य को शून्य एवं नाजायज माना व समझा जावेगा।

सो सूचना जाने।

स्थान : रायपुर (छ.ग.)
दिनांक : 10/06/2026

**महादेव एसोसिएट्स,**
**शंकर जगत, सिद्धार्थ जैन, अधिवक्तागण**
**कार्यालय - शॉप नं. 1, ब्लाक नं. 4, पगारिया कॉम्प्लेक्स, पंडरी, रायपुर (छ.ग.)**
**मो. 9753431111**







विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130


मा. प्रमोद शर्मा
मा.आनंद यादव
मा. अशोक जैन
मा. आकांक्षा जायसवाल
मा. विजय केशरवानी
मा. अनिल अग्रवाल
मा. कृष्णा अवस्थी
मा. नवीन अग्रवाल
मा. चंद्रकला वर्मा
मा. श्याम नारंग
मा. लक्ष्मी बघेल
12 जून
जीवेत शरदः शतम्
सहज स्वभाव, विनम्र विचार और विकास के प्रति समर्पित नेतृत्व को शुभकामनाएं...
माननीय
श्री टंकराम वर्मा
केबिनेट मंत्री, छत्तीसगढ़ शासन
को
जन्मदिन की
बहुत बहुत शुभकामनाएँ
मान. टंकराम वर्मा
मंत्री - राजस्व एवं आपदा प्रबंधन
पुनर्वास, उच्च शिक्षा, छ.ग. शासन
डॉ. दौलत पाल
मण्डल अध्यक्ष, हथबन्द नवापारा
हेमंत बघमार
मंडल अध्यक्ष सुहेला
रवि वर्मा
मण्डल अध्यक्ष बलौदाबाजार ग्रामीण
राकेश ध्रुव
मण्डल अध्यक्ष बलौदाबाजार शहर
मनोज निषाद
मण्डल अध्यक्ष तिल्दा शहर
नरसिंग वर्मा
मण्डल अध्यक्ष तिल्दा ग्रामीण
विनीत : समस्त भाजपा कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्र बलौदाबाजार

## खबर संक्षेप

### बस व कार टैक्सी संचालकों के लिए राष्ट्रीय कार्यक्रम कल

**रायपुर।** समस्त बस एवं कार टैक्सी संचालकों के लिए परिवहन से संबंधित एक राष्ट्रीय स्तर का कार्यक्रम आयोजन किया जा रहा है। यह कार्यक्रम बेबीलॉन होटल में 13 जून की शाम 4 बजे से प्रारंभ होगा। कार्यक्रम बस ऑनर्स फेडरेशन ऑफ छत्तीसगढ़ के सहयोग से किया जा रहा है। इस आयोजन में बीओसीआई के राष्ट्रीय कार्यकारिणी के पदाधिकारियों के साथ, रायपुर पुलिस कमिश्नर छत्तीसगढ़ परिवहन विभाग के ट्रांसपोर्ट कमिश्नर एवं वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहेंगे। साथ ही तमाम परिवहन उद्योगों से जुड़े औद्योगिक एवं व्यापारिक संस्थानों के स्टॉल भी सभी की जानकारी के लिए लगाए जा रहे हैं। कार्यक्रम की शुरुआत शाम 4 बजे होगी, जिसमें व्यापार से जुड़े मुद्दों पर चर्चा होगी। बीओएफसी के अध्यक्ष अनिल पुसदकर, महासचिव भावेश दुबे ने बताया कि कार्यक्रम में स्थानीय पैसेंजर, व्हीकल, ऑपरेटर की समस्याओं के निराकरण के लिए भी प्रयास किए जाएंगे। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय होंगे। अध्यक्षता पूर्व मुख्यमंत्री एवं विस अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह करेंगे। परिवहन मंत्री केदार कश्यप एवं महापौर मीनल चौबे संघ के संरक्षक व नागरिक आपूर्ति निगम के अध्यक्ष संजय श्रीवास्तव विशेष अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे।

## निधन

### निर्मला पीटर



रायपुर। श्यामनगर निवासी पूर्व शिक्षिका निर्मला पीटर (91) का 11 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार सेंट पॉल्स कैथेड्रल की प्रभु वाटिका में किया गया। वे स्व. सैमुएल पीटर की पत्नी, दीपक राज, स्व. शैलेंद्र, अतुल एवं अखिलेश पीटर की माता थीं। वे सेंट पॉल्स कैथेड्रल महिला सभा की पूर्व अध्यक्ष थीं।

### अरुणा डे



रायपुर। गाजियाबाद दिल्ली निवासी भारतीय खाद्य निगम से सेवानिवृत्त अरुणा डे का 10 जून को निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 मई को मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. एनएन डे की पत्नी तथा प्रदीप कुमार डे की चाची थीं।

### सुरेश कारला



रायपुर। केपीएस स्कूल के पास महावीर नगर निवासी सुरेश कारला का निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 12 जून को सुबह 10 बजे निवास स्थान से न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे सुनील, राजकुमार, भीम कारला के भाई एवं तान्या, लिशा के पिता थे।

### इजना देवी कापड़ी



रायपुर। शैलेंद्र नगर निवासी इजना देवी कापड़ी का निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 11 जून को न्यू राजेंद्र नगर मुक्तिधाम में किया गया। वे स्व. वासुदेव कापड़ी की पत्नी एवं, सुमीत व गौतम कापड़ी की माता थीं।

## अतिथियों ने माइक्रो बस यात्रा का लिया अनुभव

*गुरुवार को राजधानी रायपुर में आम जनता को किफायती दर पर सुगम आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराने 18 से 20 सीटर क्षमता की मिनी बस यानी माइक्रो बस सेव की शुरुआत हुई। टाउनहॉल में आयोजित कार्यक्रम में रायपुर लोकसभा सांसद बृजमोहन अग्रवाल, रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा और परिवहन सचिव एस. प्रकाश ने हरी झंडी दिखाकर नई बस को रवाना किया। इसके साथ ही अतिथियों ने इस मौके पर मिनी बस की सवारी कर यात्रा का अनुभव भी लिया।*

# शहर की सड़कों पर दौड़ने लगीं 18 से 20 सीटर मिनी बसें

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

हरिभूमि सरोकार

उद्घाटन कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर संबोधित करते हुए सांसद बृजमोहन अग्रवाल ने कहा, रायपुर शहर की अगर कोई बड़ी समस्या है, तो वह ट्रैफिक की समस्या है। इस ट्रैफिक के बीच बड़ी बसों को चलाना बहुत कठिन है, इससे ट्रैफिक जाम की स्थिति बनती है। ऐसे समय में माइक्रो बसों को संचालित कर यहां के नागरिकों को बहुत बड़ी सुविधा दे सकते हैं। श्री अग्रवाल ने कहा, भविष्य में जब ई बसें चलेंगी, तो हमारे शहर में प्रदूषण भी कम होगा, पर्यावरण भी संरक्षित रहेगा। पॉयलट प्रोजेक्ट के तहत यह 45 दिनों का एक प्रयोग है। हम सबको मिलकर इस प्रयोग को सफल बनाना है। यदि यह प्रयोग सफल रहा तो राजधानी व यहां आने वाले लोगों को आने वाले दिनों में किफायती, सरल और सुलभ यातायात का साधन उपलब्ध हो सकेगा।



सांसद बृजमोहन अग्रवाल विधायक पुरंदर मिश्रा, परिवहन सचिव एस. प्रकाश ने हरी झुंडी दिखाकर रवाना किया

### दो रूटों पर 8 मिनी बस

*इस पायलट प्रोजेक्ट को केंद्रीय आवासन और शहरी कार्य मंत्रालय के मार्गदर्शन में, छत्तीसगढ़ सरकार के परिवहन विभाग के सहयोग से, क्लाइमेट थिंक टैंक 'काउंसिल ऑन एनर्जी, एन्वायरमेंट एंड वॉटर संस्था संचालित कर रहा है। हमर संगवारी के नाम से शुरू किए गए इस पायलट प्रोजेक्ट के तहत, शहर के दो मार्गों में आठ वातानुकूलित मिनी बसें प्रतिदिन सुबह 7:00 बजे से रात 9:00 बजे तक चलेंगी। इन्हें ऑपरेट करने की जिम्मेदारी रायपुर की अर्बन डिजाइन डायनेमिक्स को सौंपी गई है। इन बसों को लगभग 20 मिनट के अंतराल पर चलाया जाएगा।*

### इन मार्गों पर चलेंगी मिनी बसें

**रूट 1** *चार मिनी बसें रेलवे स्टेशन से पचपेड़ी नाका होते हुए भाठागांव स्थित नए बस स्टैंड तक यात्रियों को हर 20 मिनट में उपलब्ध होंगी।*

**रूट 2** *टाटीबांध चौक से रायपुर रेलवे स्टेशन होते हुए एम्स हास्पिटल, साइंस कॉलेज, एनआईआईटी रायपुर, राजकुमार कॉलेज, आमापारा चौक, फूल चौक, जयस्तंभ चौक और घड़ी चौक, यह रूट शहर के प्रमुख शैक्षणिक संस्थानों और मुख्य गंतव्यों को जोड़ेगा।*

### प्रोजेक्ट पर एक नजर

**समय अवधि - 45 दिन**

*17 से 20 सीटर क्षमता वाली 8 माइक्रो बसें संचालित होंगी*
*संचालन का समय - सुबह 7:00 बजे से रात 9:00 बजे तक*

**मार्गों की संख्या - 2**

*किराया - 13 रुपये से लेकर 25 रुपये तक (दूरी आधारित)*
*उद्देश्य - माइक्रो बस सेवा के संचालन, वित्तीय और यात्री व्यवहार्यता संबंधी पक्षों का मूल्यांकन*

## पुलिस को उलझाने स्कैनर का फोटो भेजकर पटना से करवाया पेमेंट

# पुलिस को उलझाने शातिराना अंदाज पकड़े जाने पर रहस्य से उठा पर्दा

*डीडीनगर थाना क्षेत्र में पिछले सप्ताह एचपी गैस एजेंसी के सुपरवाइजर से 10 लाख रुपए की लूट की घटना के मास्टर माइंड ने पुलिस को उलझाने शातिराना तरीका अपनाया था। शातिर ने जिस तरीके से पुलिस को उलझाने की कोशिश की, उसी तरीके के जाल में फंसकर वह पुलिस के हत्थे चढ़े। लूट में शामिल बदमाशों को पता था कि उनकी पूरी करतूत सीसीटीवी कैमरे में कैद हो रही है। इससे बचने के लिए उन लोगों ने यूपीआई को माध्यम बनाकर बचने की कोशिश की।*

### 10 लाख की लूट में बदमाशों को पता था कि वो सभी रास्ते के सीसीटीवी कैमरे में कैद हो रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

लूट की घटना का मास्टर माइंड गौरव तिवारी ने लूट की पूरी प्लानिंग की। प्लानिंग करने के दौरान गौरव ने सीसीटीवी फुटेज को ध्यान में रखते हुए प्लानिंग की। बताया जा रहा है, अग्रसेन चौक स्थित श्री बालाजी कार्पोरेट में लगे सीसीटीवी कैमरों को उन्होंने पहले ही देख लिया था। इसके साथ ही बदमाशों ने श्री बालाजी कार्पोरेट के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की जानकारी हासिल की। इसके बाद उन लोगों ने सीसीटीवी कैमरे को ध्यान में रखते हुए लूट की प्लानिंग की।

हरिभूमि फॉलोअप

**चकमा देने यह शातिराना तरीका अपनाया**


गैस एजेंसी के सुपरवाइजर से 10 लाख की लूट करने वाला एमबीए, साथी इंजीनियर
घटना में शामिल तीन बदमाशों की पुलिस कर रही पतासाजी

**पता था पुलिस 2 से 3 दिन का फूटेज खंगालेगी**

*गौरव को पहले से पता था कि लूट की घटना को अंजाम देंगे, इसके बाद पुलिस घटना स्थल से लेकर एचपी गैस एजेंसी के सुपरवाइजर जहां से पैसा लेकर निकला था, वहां तक सीसीटीवी कैमरों की पड़ताल करेगी। साथ ही घटना के दो से तीन दिन का फूटेज पुलिस खंगालेगी। इसके बाद बदमाश ने सीटीवी फूटेज का तोड़ निकलाते हुए उपाय सोचा।*

*लूट करने के बाद पुलिस की पकड़ से बचने गौरव श्री बालाजी कार्पोरेट के समीप एक पान ठेला में जाकर दो तीन दिन से नकदी में सिगरेट तथा अन्य सामान खरीदता था, तब वह पान ठेला वाले को कैश भुगतान करता था। घटना के एक दिन पूर्व गौरव ने उसी पान ठेला में जाकर कुछ सामान खरीदा। पेमेंट करने उसने पान ठेला के स्कैनर का फोटो खींच कर पटना में अपने दोस्त के पास भेजा। दोस्त ने गौराव द्वारा भेजे गए स्कैनर को स्कैन कर पेमेंट किया।*

### पुलिस बुरी तरह से उलझ गई

*घटना के बाद पुलिस को श्री बालाजी कोर्पोरेट के पास ही संदिग्धों का फूटेज मिल गया था। जांच के दौरान पुलिस ने पाया कि संदिग्ध ने घटना के एक दिन पूर्व पान ठेला से सामान खरीदा है। इसके बाद पुलिस ने उस पान ठेला संचालक से संपर्क कर फूटेज दिखाया, तो पान ठेला संचालक ने उन लड़कों द्वारा यूपीआई से पेमेंट करने की जानकारी दी। पुलिस ने यूपीआई की जांच की, तो जिस यूपीआई से पेमेंट किया गया था, उसका लोकेशन बिहार, पटना होना पाया गया। इससे पुलिस बुरी तरह से उलझ गई। जिस यूपीआई से पेमेंट किया गया है, उसका लोकेशन पटना है, ऐसे में कोई इतनी जल्दी पटना से आकर कैसे लूट कर सकता है। पकड़े जाने पर गौरव ने पुलिस को बताया कि वो उन्हें उलझाने के लिए शातिराना तरीका अपनाया था।*

# मानसून से पहले अवैध भंडारण शुरू लाखों की रेत सहित तीन वाहन जब्त



खनिज-राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने की कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मानसून आगमन के पूर्व जिले में रेत का अवैध भंडारण शुरू हो गया है। रेत माफिया अपने लोगों की मदद से नदियों से अवैध रूप से रेत का उत्खनन कराकर उसका भंडारण करने में लगे हुए हैं। खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने गुरुवार को आरंग क्षेत्र के ग्राम समोदा, मोहमेला, कुरुद एवं कुटेला क्षेत्र में दबिश देकर लाखों रुपए की अवैध रूप से भंडारण की गई रेत को जब्ती बनाया है।

साथ ही इसमें संलिप्त 3 वाहन को जब्त कर उनके मालिकों पर जुर्माना लगाने की कार्रवाई की गई है।

### सीएम हेल्पलाइन पर मिली शिकायत पर कार्रवाई

*ग्राम समोदा, मोहमेला एवं कुटेला के कुछ लोगों ने मुख्यमंत्री हेल्पलाइन नंबर 1076 में शिकायत की थी कि उनके क्षेत्र में रेत का अवैध रूप से भंडारण किया जा रहा है। इस शिकायत पर उप संचालक खनिज राजेश मालवे के निर्देश पर खनिज एवं राजस्व विभाग की संयुक्त टीम ने समोदा, कुरुद, मोहमेला तथा कुटेला क्षेत्रों में जांच की। इस दौरान ग्राम कुटेला-चिखली मुख्य मार्ग के किनारे स्थित शासकीय भूमि पर प्रस्तावित तालाब क्षेत्र में बिना अनुमति के 90 ट्रैक्टर एवं 80 हाईवा रेत का अवैध भंडारण पाया गया। इसे रेत को यहां भंडारण करने वाले का पता लगाकर उसे नोटिस जारी किया गया है। विभाग ने भंडारण की गई रेत को जब्ती बनाकर संबंधित ग्राम पंचायत के सुपुर्द किया है। साथ ही टीम ने अवैध भंडारण स्थल तक पहुंचने वाले रैंप मार्ग को जेसीबी मशीन से काटकर बंद कर दिया है। इस कार्रवाई के दौरान मौके से 3 वाहन भी जब्त किए गए हैं, जिनके मालिकों पर जुर्माना लगाया है। जब्त वाहन को थाना के सुपुर्द किया है। टीम में सहायक खनिज अधिकारी उमेश भार्गव, नायब तहसीलदार गजानंद सिदार सहित खनिज एवं राजस्व विभाग के अन्य अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे।*

## 5 लाख से ज्यादा कीमत का मादक पदार्थ जब्त

# नशे के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई, आठ दबोचे गए



- *पुलिस, एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स, एसीसीयू ने ज्वाइंट ऑपरेशन कर की कार्रवाई*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

मादक पदार्थों की अवैध खरीदी-बिक्री पर रोक लगाने पुलिस कमिश्नर डॉ. संजीव शुक्ला के निर्देश पर अलग-अलग थानों की पुलिस के साथ एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स तथा एंटी क्राइम एंड सायबर यूनिट की टीम ने चार दिनों तक विशेष अभियान चलाकर आठ लोगों को मादक पदार्थ के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने पांच लाख रुपए से ज्यादा कीमत का गांजा, हेरोइन चिट्टा तथा अन्य प्रतिबंधित मादक पदार्थ जब्त किया है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए हिस्ट्रीशीटर अफसर कादर, हरप्रीत सिंह मट्टू, ऋषि साहू, महावीर जैन, मीर कुरैशी उर्फ विक्की, गुलाब कंडरा समेत कुल आठ आरोपितों को गिरफ्तार किया है। इनमें दो नाबालिग भी शामिल हैं। पुलिस की संयुक्त टीम ने टिकरापारा, सिविल लाइन, न्यू राजेंद्र नगर, खमतराई और डीडी नगर थाना क्षेत्र में एक साथ कार्रवाई कर नशे के स्थानीय नेटवर्क को निशाना बनाया। पुलिस अधिकारियों के अनुसार कमिश्नरेट व्यवस्था लागू होने के बाद एनडीपीएस एक्ट के 49 मामलों में अब तक 113 तस्करों की गिरफ्तारी हो चुकी है और उनके कब्जे से 2.63 करोड़ से अधिक कीमत का मादक पदार्थ और अन्य सामान जब्त किए गए हैं।

# बिजली बिलों में भारी गड़बड़ी, कांग्रेस ने पॉवर कंपनी का मुख्यालय घेरा

## विकास उपाध्याय बोले- तत्काल स्मार्ट मीटरों को हटाना चाहिए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में बिजली बिलों में भारी संख्या में गड़बड़ी का मामला सामने आया है। इसको लेकर गुरुवार को पूर्व संसदीय सचिव विकास उपाध्याय के नेतृत्व में कांग्रेस ने पॉवर कंपनी के मुख्यालय को घेरा और एक प्रतिनिधिमंडल ने वितरण कंपनी के एमडी भीम सिंह कंवर से मुलाकात कर उनको गड़बड़ी की जानकारी दी। एमडी ने गड़बड़ियों को ठीक करने का आश्वासन दिया है।

श्री उपाध्याय ने बताया, रायपुर सहित प्रदेश के बिजली उपभोक्ताओं को दी जा रही रीडिंग बिल की राशि और बिल भुगतान की राशि में भारी अंतर को लेकर बिजली विभाग के एमडी से मुलाकात की गई। जहां स्वयं एमडी द्वारा कबुला गया कि बिजली बिल गड़बड़ी मामले को लेकर उनके संज्ञान में 2700 प्रकरण आए हैं। श्री उपाध्याय ने कहा, यह बड़ी गंभीर समस्या है, जब राजधानी की यह दशा है तो रायपुर सहित पूरे प्रदेश में तो लाखों उपभोक्ता इस गड़बड़ी के शिकार हुए होंगे। श्री उपाध्याय कहा, राजधानी रायपुर सहित छत्तीसगढ़ प्रदेश में विद्युत विभाग की घोर लापरवाही के कारण बिजली उपभोक्ताओं को जो बिल दिया जा रहा है उसमें भारी अंतर पाया गया है। बिजली विभाग स्मार्ट मीटर लगाकर आम जनता को स्मार्ट तरीके से लूट रहा है। श्री उपाध्याय ने कहा, जब छत्तीसगढ़ में इस प्रकार से एक नहीं कई उपभोक्ताओं के बिजली बिल में गड़बड़ी सामने आ रही है तो विभाग को तत्काल स्मार्ट मीटर बंद कर देना चाहिए। क्योंकि न जाने प्रदेश के कितने उपभोक्ताओं को इस समस्या का सामना करना पड़ रहा होगा, कई उपभोक्ताओं के तो ऑनलाईन ऑटो पे सिस्टम सेट होते हैं उन्हें तो मालूम ही नहीं होता कि बिजली बिल कितना आया है और कितना कट हो रहा है। अब यदि उनका गड़बड़ी वाला बिल ऑटो पे हो जाए तो क्या विभाग उन्हें उनकी ज्यादा दी गई राशि वापस करेगा। श्री उपाध्याय ने कहा, पहले बिजली बिल हॉफ योजना के तहत 400 यूनिट तक मिलने वाली छूट को खत्म किया गया। और अब इस महंगाई में उपभोक्ता दोगुना बिल का भुगतान कहां से करेंगे। श्री उपाध्याय ने कहा, बिजली विभाग की लापरवाही की जांच हो, दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई भी की जाए।



*बिजली बिलों में भारी गड़बड़ी, कांग्रेस ने पॉवर कंपनी का मुख्यालय घेरा*

# 2 अवैध मकानों पर चला बुलडोजर सड़क पर मलबा फैलाने पर जुर्माना

## वृंदावन कालोनी में बिना अनुमति बनाए जा रहे 2 मकानों को ढहाया

*संत रविदास वार्ड में रायपुरा डूप्सा तालाब के 1100 वर्गफीट के अवैध निर्माण को तोड़ा*

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम जोन 8 क्षेत्र स्थित संत रविदास वार्ड के रायपुरा में डूप्सा तालाब के पास चल रहे करीब 1100 वर्गफीट के अवैध निर्माण को तोडूदस्ते ने तोड़ गिराया।

इसके अलावा वृंदावन कालोनी में नगर निगम से बिना अनुमति बनाए जा रहे दो अवैध मकानों पर बुलडोजर चलाया गया। कार्रवाई के दौरान निर्माण कार्य के दौरान ग्रीन नेट नहीं लगाने और मलबा सड़क पर फैलाने वालों से कुल 7 हजार जुर्माना वसूला गया।

रायपुरा में अवैध निर्माण के खिलाफ नगर निगम जोन 8 की टीम ने अभियान चलाकर डूप्सा तालाब के पास 1100 वर्गफीट क्षेत्र में किए गए अवैध निर्माण को जेसीबी मशीन से तोड़ा गया। इसके अलावा इंद्रप्रस्थ कालोनी के पास स्थित वृंदावन कालोनी रायपुरा में करीबन 1000-1000 वर्गफीट जमीन पर बिना अनुमति के 2 भ्वन बनाए गए थे, जिसे स्थल पर तोड़ने जेसीबी मशीन लगाई गई। जोन 8 के वार्डों में अलग-अलग स्थानों पर सड़क यातायात बाधित करते हुए निर्माण सामग्री और मलबा बिखराने , ग्रीन नेट लगाए बिना निर्माण कार्य को लेकर ई चालान कर जुर्माने की राशि वसूली गई। निगम आयुक्त संबित मिश्रा के निर्देश पर जोन 8 कमिश्नर राजेश्वरी पटेल के नेतृत्व व कार्यपालन अभियंता अतुल चोपड़ा, सहायक अभियंता अमन चंद्राकर, अनुराग पाटकर एवं नगर निवेश विभाग की टीम की मौजूदगी में अभियान चलाया गया।



## बिजनेस साइट

# बैंक ऑफ बड़ौदा का नराकास स्तरीय हिंदी कार्यशाला संपन्न

**रायपुर।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास), भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 'तकनीकी टूल्स का महत्व एवं हिंदी के प्रचार-प्रसार में उनकी सहज भूमिका' विषय पर एक कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता बैंक ऑफ बड़ौदा के क्षेत्रीय प्रमुख संदीप कुमार मान ने की। इस अवसर पर नराकास के प्रतिनिधि एवं भिलाई इस्पात संयंत्र के उप प्रबंधक जितेंद्र दास मणिकपुरी विशेष रूप से उपस्थित रहे। अध्यक्षीय उद्बोधन में संदीप कुमार मान ने कहा कि डिजिटल युग में तकनीकी टूल्स के माध्यम से राजभाषा हिंदी का उपयोग अधिक सरल, प्रभावी और व्यापक बनाया जा सकता है। उन्होंने कार्यालयीन कार्यों में हिंदी के अधिकाधिक प्रयोग तथा राजभाषा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन पर जोर दिया। कार्यशाला में प्रतिभागियों को तकनीकी टूल्स के उपयोग, हिंदी में कार्य निष्पादन की प्रक्रियाओं एवं राजभाषा कार्यान्वयन से जुड़े विषयों की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के दौरान नराकास स्तरीय स्व-रचित कविता लेखन प्रतियोगिता के विजेताओं को पुरस्कार एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया गया।





## पीएम मोदी के 12 वर्ष पूर्ण होने पर की पूजा-अर्चना

**रायपुर।** भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ रायपुर जिला द्वारा जेल रोड स्थित प्राचीन माता चामुण्डा मंदिर में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार के 12 वर्ष सफलतापूर्वक पूर्ण होने के उपलक्ष्य में विशेष पूजा-अर्चना एवं राष्ट्र कल्याण प्रार्थना का आयोजन किया गया। इस अवसर पर उपस्थित चिकित्सकों एवं कार्यकर्ताओं ने प्रधानमंत्री श्री मोदी के उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं सफल जीवन की मंगलकामना की। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से भाजपा चिकित्सा प्रकोष्ठ रायपुर जिला के संयोजक डॉ. सत्येंद्र पांडेय, सह संयोजक डॉ. मनोज ठाकुर, डॉ. कृष्ण दास मानिकपुरी एवं डॉ. मनीष ठाकुर, डॉ. बद्रीप्रसाद त्रिपाठी, डॉ. एसके नाग, डॉ. एसके साहू, डॉ. डीपी साहू, नारायण डडसेना, संजय पटेल, कमलेश श्रीवास, संजय जोशी, प्रदीप तिवारी, ओमप्रकाश तिवारी सहित अनेक चिकित्सक एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## पेज 11 के शेष

### दो घंटे में 3.5 सेमी बारिश, विमान सेवा प्रभावित...

पहुंचने की संभावना जताई जा रही है। शुक्रवार को भी प्रदेश के कई स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा होने अथवा गरज-चमक के साथ छींटे पड़ने की संभावना मौसम विभाग ने व्यक्त की है। प्रदेश में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अंधड़ चलने तथा वज्रपात होने की आशंका भी जताई गई है।

### एमसीबी उठाते ही निकली चिंगारियां...

काम जारी रहा। आग बुझाने फायर ब्रिगेड की टीम के साथ नवा रायपुर, भिलाई तथा निजी उद्योग की 20 गाड़ियां लगाई गई थीं। ऑटो मोबाइल के कारोबारी राजेश जेठानी ने सुबह 10 बजे दुकान खोलने के बाद पूजा की। इसके बाद उसने दुकान में रात के समय बंद मीटर का चालू करने के लिए जैसे ही एमसीबी उठाया, दुकान की पहली मंजिल में चिंगारी निकलने लगी और उस चिंगारी से दुकान के अंदर रखे सामान धीरे-धीरे जलने लगे। बताया जा रहा है, पहली मंजिल में टायर सहित अन्य सामान रखे हुए थे। इस वजह से आग धीरे-धीरे फैलने लगी और ऑटो मोबाइल संचालक को आग की भनक नहीं लग पाई। दुकान की पहली मंजिल से धुआं उठता देख एक राहगीर ने ऑटो मोबाइल संचालक को दुकान की पहली मंजिल से धुआं उठने की जानकारी दी।

**तोड़नी पड़ी तीन तरफ की दीवाल:** आग को फैलने से रोकने में हो रही परेशानी को देखते हुए दुकान पहुंच मार्ग के तीन तरफ की दीवाल तोड़नी पड़ी। इसके बाद आग बुझाने के काम में तेजी आई। आग पहली मंजिल से फैलकर ऊपरी मंजिल तक पहुंच गई थी। स्थिति को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए घटना स्थल के आसपास की सभी दुकानों को बंद करा दिया था। लोगों की आवाजाही रोकने गली के प्रवेश मार्ग पर बैरिकेड लगा दिया था।

**पानी के लिए 100 फेरे लगाने पड़े:** फायर ब्रिगेड की टीम को आग बुझाने पानी लाने 100 फेरे लगाने पड़े। गुरुवार को फिल्टर प्लांट बंद होने की वजह से फायर ब्रिगेड को पानी मिलने में देर हुई। पानी के लिए फायर ब्रिगेड को अन्य वैकल्पिक व्यवस्था करनी पड़ी। आग पर काबू पाने फायर ब्रिगेड को नौ घंटे से ज्यादा समय तक जूझना पड़ा।

**इसलिए फैलती गई आग:** ऑटो मोबाइल में फ्लोर बढ़ाने पीवीसी सीट लगाई गई थी। इसके साथ ही वेंटिलेशन की कोई उचित व्यवस्था नहीं थी। ऑटो मोबाइल में टायर, ट्यूब के साथ अन्य सामान रखे गए थे, जो आग की चपेट में आने से तेजी से और देर तक जलने लगे। इससे आग तेजी से फैलती गई। मौके पर जब फायर ब्रिगेड की टीम पहुंची, तो आगजनी स्थल तक पहुंचने लायक जगह ही नहीं थी। फायर ब्रिगेड की टीम ने ऑटो मोबाइल से सटी एक अन्य दुकान की ऊपरी मंजिल में पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और आग बुझाने व्यवस्था की।

### पुलिस कमिश्नर ने महिला हिस्ट्रीशीटर...

है, उस बदमाश को रायपुर जिला सहित सीमा से सटे आधा दर्जन जिलों में निषेध किया है। पुलिस कमिश्नर ने मौदहापारा थाना क्षेत्र की हिस्ट्रीशीटर मुस्कान रात्रे को जिलाबदर करने आदेश जारी किया है। इस दौरान मुस्कान का पुलिस कमिश्नरेट के अलावा रायपुर ग्रामीण, दुर्ग, धमतरी, महासमुंद, गरियाबंद एवं बलौदाबाजार-भाटापारा से भी बाहर रहने का आदेश जारी किया है। मुस्कान के खिलाफ छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम, 1990 की धारा 5(ख) के अंतर्गत जिला बदर की कार्रवाई की गई है।

**20 से अधिक प्रकरणों में चल रही सुनवाई:** पुलिस अफसरों के अनुसार पुलिस कमिश्नरेट के अलावा ग्रामीण थाना क्षेत्र के अलग-अलग 20 से ज्यादा बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर करने के प्रकरण की जिला दंडाधिकारी तथा पुलिस कमिश्नर कोर्ट में सुनवाई चल रही है। पुलिस अफसरों के अनुसार आने वाले दिनों में कुछ और महिला बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई की जाएगी। जिन बदमाशों के खिलाफ जिलाबदर की कार्रवाई होनी है, पुलिस ने उन बदमाशों के नामों का अभी खुलासा नहीं किया है।

### 5 घंटे का शटडाउन, 42...

गई, लेकिन शाम के समय जल आपूर्ति प्रभावित रही। 12 जून को सुबह संबंधित पानी टंकियों में नियमित रूप से जल आपूर्ति सामान्य हो जाएगी।

### फट गई मुख्य रक्तवाहिका की भीतरी...

माना जाता है। मरीज सीने में गंभीर समस्या के लक्षणों के साथ एम्स रायपुर पहुंचा। कार्डियोलॉजी ओपीडी में जांच के दौरान डॉ. सुरेन्द्र नायक ने इकोकार्डियोग्राफी के आधार पर गंभीर बीमारी की आशंका व्यक्त की। इसके बाद डॉ. एनके बोधे के परामर्श से तत्काल सीटी एओर्टोग्राम कराया गया, जिसमें एक्यूट टाइप-ए एओर्टिक डिसेक्शन की पुष्टि हुई। यह ऐसी स्थिति होती है जिसमें शरीर की मुख्य रक्त वाहिका (एओर्टा) की भीतरी परत फट जाती है। यदि समय पर उपचार न मिले तो मरीज की जान कुछ ही घंटों में जा सकती है। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए कार्डियोलॉजी, सीटीवीएस, कार्डियक एनेस्थीसिया, रेडियोलॉजी, आईसीयू, नर्सिंग एवं तकनीकी टीमों ने तुरंत समन्वय स्थापित किया। निदान की पुष्टि होने के मात्र 90 मिनट के भीतर मरीज को ऑपरेशन थिएटर ले जाया गया।

हरिभूमि
रायपुर, शुक्रवार 12 जून 2026
लाइव
Email id- zindgi.live.hb@gmail.com
0771- 4242222, Message at - 9630172937



## 20 फीट ऊंची विघ्नहर्ता की प्रतिमाएं हो रहीं तैयार, परिवार समेत गणपति प्रतिमा पहली पसंद

# गणेश चतुर्थी से दो माह पूर्व भव्य मूर्तियां बुक बाल स्वरूप और लालबाग के राजा की मांग

*शहर के माना क्षेत्र में विघ्नहर्ता की प्रतिमाएं बनाने का कार्य मूर्तिकारों ने शुरू कर दिया है। गणेश चतुर्थी का पर्व इस बार 14 सितंबर को मनाया जाएगा। प्रतिमा की बुकिंग कराने समितियां हर दिन विभिन्न जिलों से माना पहुंच रही हैं। मूर्तिकारों द्वारा इस बार 5 फीट से 20 फीट तक ऊंची, विशाल प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं, जिसकी कीमत 10 हजार से 1 लाख 20 हजार तक है।*

**रायपुर।** माना में दर्जनभर से अधिक मूर्तिकार 200 से अधिक प्रतिमाएं बना रहे हैं, जिसकी बुकिंग वर्तमान में 70 फीसदी हो चुकी है। हरिभूमि से बातचीत में मूर्तिकारों ने बताया, गर्मी के दौरान दर्जनभर प्रतिमाएं तैयार की हैं, जिनमें से आधी बुक हो चुकी हैं। नई मूर्तियों का आर्डर अब लेना बंद कर दिया है, क्योंकि समय कम बचा हुआ है। मिट्टी को सूखने में समय लगता है।

### 80 हजार से 1 लाख तक की सभी मूर्तियां बुक

गणेश चतुर्थी में अभी डेढ़ महीने से अधिक समय बचा हुआ है, लेकिन माना क्षेत्र में बनाई जा रहीं अधिकतम मूर्तियां बुक हो चुकी हैं। माना के श्रुति मूर्तिकला के संचालक ने बताया कि इस बार 5 फीट से 12 फीट तक की 40 से अधिक मूर्तियां बना रहे हैं, इनमें से 80 हजार से 1 लाख रुपए तक की 11 मूर्तियों की बुकिंग हो चुकी है। कई समितियां पर्व से दो महीने पहले से ही बुकिंग करा चुकी हैं। मां काली मूर्तिकला के संचालक पवन बनर्जी ने बताया, इस बार 15 फीट की मूर्ति की कीमत 1 लाख 5 हजार है, वहीं 7 से 8 फीट की मूर्तियों के दाम 80 हजार तक हैं। 20 फीट की मूर्ति की कीमत 1 लाख 80 हजार बताई गई। समय पर काम पूरा करने अब नया ऑर्डर लेना भी बंद कर दिया है।



### सफेद रंग के बाद लगाए जाएंगे अन्य रंग

कई समितियों ने पिछले साल ही ऑर्डर दे दिया था। माना में कुछ मूर्तिकारों ने जुलाई तक आर्डर लेने की बात कही है। मूर्तियों को विशेष आकार देने के लिए बंगाल से कलाकार पहुंचे हैं। इस बार बाल गणेश, राधा-कृष्ण और शिव-पार्वती के अलावा साईं बाबा के रूप में प्रतिमाएं तैयार की जा रही हैं। प्रतिमाओं को आकार देने का काम मूर्तिकारों ने पूरा कर लिया है। अब मिट्टी के सूखने पर सफेद रंग के बाद अन्य रंग लगाए जाएंगे।



### चमक बढ़ाने प्राकृतिक रंगों का उपयोग

मूर्तिकारों ने समितियों की मांग पर विभिन्न रूपों में गणेश प्रतिमाएं तैयार की हैं। दिशा मूर्ति आर्ट के सपन मंडल ने बताया कि इस बार लालबाग के राजा, रिद्धि-सिद्धि के साथ गणेशजी के अलावा शिवजी के रूप में गणेश भगवान की प्रतिमाओं के आर्डर अधिक मिले हैं। थीम बेस्ड मूर्तियों में इस बार भी बैलगाड़ी व नाव पर परिवार सहित सवार गणेशजी की प्रतिमा राजधानी में आकर्षण का केंद्र रहेगी। इसके अलावा भगवान गणेश को मूषक, कमल, हाथी, शंख आदि पर विराजमान कर मूर्तियों का निर्माण किया जा रहा है। मिट्टी से बनी मूर्तियों को रंगने इस बार प्राकृतिक रंगों का इस्तेमाल किया जा रहा है, ताकि मूर्तियों में चमक बढ़े और विसर्जन के बाद तालाब और नदी का पानी दूषित न हो।

### माना में छोटी प्रतिमाओं का निर्माण कम

प्रतिमाओं के दाम इस बार पिछले साल से 5 से 8 प्रतिशत अधिक हो चुके हैं, लेकिन इसका फर्क बुकिंग पर नहीं पड़ रहा है। पर्व के दो महीने पहले ही मूर्तिकारों की ज्यादातर प्रतिमाएं हाथों-हाथ बिक चुकी हैं। मूर्तिकारों के मुताबिक, मूर्ति बनाने के संसाधन, लकड़ी, पैरा आदि सामग्री महंगी हो गई है। मिट्टी की कीमत बढ़ गई है। लकड़ी, बत्ता, बांस के दाम भी आसमान छू रहे हैं। मूर्ति सजावट के सामान एवं वस्त्र की कीमतें भी बढ़ गई हैं। सभी में पिछले साल से 5 फीसदी से अधिक दाम बढ़े हैं। इस बार माना में छोटी-छोटी गणेश मूर्तियों का निर्माण मूर्तिकारों ने कम किया है।

## सिटी इवेंट

# युवाओं और बच्चों की प्रतिभा निखारने कला केंद्र जरूरी



**रायपुर।** शक्ति बाला वेलफेयर फाउंडेशन द्वारा संचालित कला केंद्र का भव्य शुभारंभ गुरुवार को किया गया। उत्साह एवं गरिमामय वातावरण में फाउंडेशन की प्रदेश अध्यक्ष श्वेता ठाकुर की उपस्थिति में मुख्य अतिथि योगेश अग्रवाल ने रिबन काटकर फाउंडेशन की शुरुआत की। इस अवसर पर बतौर अतिथि सुंदर राव, लक्ष्मीनारायण लाहोटी एवं महेश अयंगार की गरिमामयी उपस्थिति रही। संस्था द्वारा पुष्पगुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर स्वागत एवं सम्मान किया गया। कला केन्द्र में कथक, सेमी-क्लासिकल, बॉलीवुड एवं अन्य नृत्य विधाओं की आकर्षक प्रस्तुतियों ने जनसमूह का मन मोह लिया। मुख्य अतिथि योगेश अग्रवाल ने कहा कि कला एवं संस्कृति समाज की अमूल्य धरोहर है। ऐसे दौर में कला केंद्र बच्चों और युवा प्रतिभाओं को निखारने में अहम भूमिका निभाते हैं।

### प्रतिभाओं को तराशने की जाएगी पहल

संस्था की अध्यक्ष श्वेता ठाकुर ने बताया कि शक्ति बाला कला केंद्र में कथक, जुम्बा, सेमी-क्लासिकल, बॉलीवुड डांस तथा अन्य सांस्कृतिक गतिविधियों का नियमित प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। इस केंद्र का उद्देश्य विद्यार्थियों में कला, संस्कृति एवं आत्मविश्वास का विकास करना है। इसमें कलाकारों, समाजसेवियों एवं शहर के लोगों ने भी सहभागिता निभाने का प्रयास किया। अंत में सभी अतिथियों, सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया गया। संस्था की पहल पर अब प्रशिक्षण का सिलसिला प्रतिभाओं को निखारने में किया जाएगा। इसके लिए अलग-अलग विधा में पारंगत गुरुओं द्वारा प्रशिक्षण भी दिया जाएगा।

## लाइव इवेंट

# पल्स्ड पॉवर टेक्नोलॉजी पर वैज्ञानिक और स्टूडेंट्स करेंगे एक मंच पर रिसर्च



**रायपुर।** एनआईटी में पल्स्ड पॉवर टेक्नोलॉजीजः प्रिंसिपल्स, डिजाइन एंड एप्लिकेशंस विषय पर कार्यशाला का आयोजन किया जा रहा है। यह पांच दिवसीय कार्यशाला संस्थान के विद्युत अभियांत्रिकी विभाग द्वारा 29 जून से 3 जुलाई तक होगी। कार्यशाला को भारत सरकार के परमाणु ऊर्जा विभाग के अंतर्गत कार्यरत बोर्ड ऑफ रिसर्च इन न्यूक्लियर साइंसेज द्वारा वित्तीय सहयोग प्रदान किया जा रहा है। कार्यशाला का उद्देश्य पल्स्ड पॉवर एवं उससे संबंधित प्रौद्योगिकियों के क्षेत्र में कार्यरत शिक्षाविदों, वैज्ञानिकों, शोधकर्ताओं, विद्यार्थियों तथा उद्योग जगत के विशेषज्ञों को एक साझा मंच प्रदान करना है। इस कार्यशाला में पल्स्ड पॉवर प्रौद्योगिकी के नवीनतम विकास एवं अनुप्रयोगों पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। कार्यक्रम के प्रमुख विषयों में उच्च ऊर्जा घनत्व भंडारण प्रणालियां, उच्च शक्ति पल्स उत्पादन एवं कंडीशनिंग, एक्सेलेरेटर एवं बीम प्रौद्योगिकी, इलेक्ट्रॉन बीम अनुप्रयोग, प्लाज़्मा प्रौद्योगिकी, नियंत्रित ताप-नाभिकीय संलयन, विद्युतचुंबकीय हस्तक्षेप एवं संगतता तथा पल्स्ड पॉवर प्रणालियों के विभिन्न अंतर्विषयी अनुप्रयोग शामिल हैं। यह कार्यशाला प्रतिभागियों को इन महत्वपूर्ण क्षेत्रों के मूलभूत सिद्धांतों तथा उन्नत तकनीकी अनुप्रयोगों की गहन समझ प्रदान करेगी।

**एनआईटी में पल्स्ड पॉवर टेक्नोलॉजीज विषय पर कार्यशाला 29 जून से**

### देशभर से शामिल होंगे वैज्ञानिक और विद्यार्थी

देशभर के विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अनुसंधान संगठनों एवं उद्योगों से जुड़े संकाय सदस्यों, वैज्ञानिकों, शोधार्थियों, विद्यार्थियों तथा उद्योग प्रतिनिधियों को इस कार्यशाला में भाग लेने के लिए आमंत्रित किया है। यह कार्यक्रम ज्ञान-विनिमय और सहयोग को बढ़ावा देने के साथ-साथ शिक्षा, अनुसंधान एवं उद्योग जगत के बीच समन्वय स्थापित करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगा।

### ऑनलाइन पंजीयन 20 जून तक

कार्यशाला के लिए 20 जून तक ऑनलाइन पंजीयन कराया जा सकेगा। पंजीकरण शुल्क विद्यार्थियों एवं शोधार्थियों के लिए 800, संकाय सदस्यों के लिए 1200, अनुसंधान एवं विकास संस्थानों के वैज्ञानिकों के लिए 1500 तथा उद्योग प्रतिनिधियों के लिए 2000 निर्धारित किया गया है। सीमित सीटों के कारण प्रतिभागियों का चयन पंजीकरण एवं शुल्क जमा करने के आधार पर किया जाएगा।

# विज्ञान याद करने का नहीं, प्रयोग से समझने और सीखने का विषय

**रायपुर।** महाराष्ट्र मंडल द्वारा संचालित संत ज्ञानेश्वर विद्यालय में अभनपुर के चिकित्सक और आजीवन सभासद डॉ. चंद्रकांत वाघ ने विज्ञान की पढ़ाई के लिए शिक्षकों का मार्गदर्शन किया और बच्चों की पढ़ाई के लिए स्कूल को सूक्ष्मदर्शी यंत्र भी भेंट किया। इससे पहले प्राचार्य मनीष गोवर्धन, उप प्राचार्य राहुल वोड़ितेलवार ने डॉ. वाघ का सूत माला से स्वागत करते हुए विद्यालय की ओर से स्मृति चिन्ह दिया। स्कूल खुलने से पहले शिक्षकों के लिए मार्गदर्शन क्लासेस लगाई जा रही हैं। उप प्राचार्य ने बताया कि डॉ. वाघ ने शिक्षकों के प्रश्नों का उत्तर देते हुए मार्गदर्शन किया। गुरुवार को अध्यापिका दीपन्विता सेन के प्रश्न 'विज्ञान को पढ़ने-पढ़ाने में रोचक कैसे बनाएं', का उत्तर देते हुए उन्होंने कहा कि हमें विज्ञान को याद करने की जगह बच्चों को समझाने पर जोर देना चाहिए। बच्चे समझेंगे तो ज्यादा अच्छे से उत्तर लिखेंगे।



### संतुलित भोजन का संपूर्ण चार्ट सबको समझाया

'सामाजिक मूल्यों का अवमूल्यन हो रहा है, इसे कैसे रोका जाए', इस पर उन्होंने कहा कि हमें आसपास के वातावरण और व्यवहार में शालीनता लानी चाहिए। जिसे देखकर विद्यार्थी सामाजिक मूल्य सीखें। शिक्षिका मेघा जैन के प्रश्न 'विद्यार्थियों का सही संतुलित भोजन कैसा होना चाहिए' के उत्तर में डॉ. वाघ ने संतुलित भोजन का संपूर्ण चार्ट सबको समझाया। शिक्षिका वंदना व प्रतीक्षा के प्रश्नों का भी उत्तर देते हुए कहा कि बच्चों को समझाने पर जोर देना चाहिए, न कि उनमें याद करने की प्रवृत्ति डालनी चाहिए। इससे विज्ञान के छात्रों और शिक्षकों को लाभ होगा और उन्हें प्रयोग विज्ञान की शिक्षा देने में सहयोग मिलेगा।

# प्रज्ञा प्रेरणा से सम्मानित होंगे अंगदान करने वाले परिजन



**रायपुर।** समता कॉलोनी स्थित गायत्री शक्तिपीठ में स्वास्थ्य सेवा के लिए फिजियोथैरेपी सेंटर का आधुनिकीकरण करने के लिए नए कक्ष निर्माण के लिए भूमिपूजन का आयोजन 13 जून को किया जाएगा। शक्तिपीठ में लंबे समय से फिजियोथैरेपी सेंटर में कई बीमारियों का इलाज किया जाता है। ऐसे में मरीजों की संख्या को देखते हुए फिजियोथैरेपी को आधुनिक रूप देने के लिए नए कक्ष की जरूरत महसूस की जा रही है। इसे देखते हुए 13 जून को पश्चिम क्षेत्र के विधायक राजेश मूणत और महापौर मीनल चौबे द्वारा भूमिपूजन किया जाएगा। मुख्य प्रबंध ट्रस्टी श्याम बैस और फिजियोथैरेपी सेंटर के प्रभारी दीनानाथ शर्मा ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि लोगों का जीवन बचाने के लिए अंगदान करने वाले परिजनों को प्रज्ञा प्रेरणा से सम्मानित किया जाएगा।

### सेंटर में मरीजों को और बेहतर सुविधा दे सकेंगे

उन्होंने बताया कि फिजियोथैरेपी के माध्यम से इलाज करने वालों की संख्या में वृद्धि हुई है, क्योंकि शक्तिपीठ में मरीजों का बेहतर इलाज किया जा रहा है। ऐसे में अतिरिक्त कक्ष की आवश्यकता लंबे समय से महसूस की जा रही है। इससे आधुनिक मशीन लगाकर फिजियोथैरेपी सेंटर में आने वाले मरीजों को और बेहतर सुविधा दे सकेंगे। विधायक श्री मूणत के सहयोग से भूमिपूजन सुबह 11 बजे किया जाएगा। इसमें महापौर श्रीमती चौबे के अलावा पार्षद आनंद अग्रवाल और गायत्री परिवार की जोन समन्वयक आदर्श वर्मा मौजूद रहेंगी।

## रेस्क्यू बच्चों और उनके परिवार को दिला रहे आर्थिक तथा बुनियादी मदद

# बालश्रम से उजड़ी जिंदगियों को संवारने शुरू किया सिंगल विंडो सिस्टम, बच्चों और पैरेंट्स का बना सहारा

**कार्नर न्यूज**

*रायपुर। मासूम बच्चे देश और समाज का भविष्य होते हैं। हर बच्चे को अपना बचपन जीने का अधिकार है, लेकिन हमारे समाज में व्याप्त बालश्रम का दंश मासूम जिंदगियों को उजाड़ रहा है। यह उनसे उनका बचपन छीनकर उन्हें शिक्षा, शारीरिक, मानसिक और सामाजिक विकास से वंचित कर रहा है, जिससे उनका जीवन अंधकारमय व भयावह होता जा रहा है। ऐसे में प्रदेश के अंदर इस कुचक्र में फंसे मासूम बच्चों व उनके परिजनों के लिए छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग ने एक सकारात्मक पहल की शुरुआत की है, जिसके तहत बालश्रम से रेस्क्यू किए गए बच्चों को समुचित रूप से काउंसिलिंग, शाला प्रवेश और उनके परिजनों को आर्थिक व बुनियादी सहयोग प्रदान किया जा रहा है। इस पहल को छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग ने सिंगल विंडो सिस्टम का नाम दिया है। छत्तीसगढ़ बाल संरक्षण आयोग की अध्यक्ष डॉ. वर्णिका शर्मा ने बताया कि इसके तहत आयोग प्रदेश के भीतर सभी विभागों से को-ऑर्डिनेट कर यह सुनिश्चित कर रहा है कि बालश्रम के मामले में केवल रेस्क्यू तक सीमित न रहें, बल्कि उन मासूम बच्चों की जिंदगियों को भी संवारा जाए। इसके लिए आयोग का सिंगल विंडो सिस्टम रेस्क्यू किए जा रहे बच्चों को समाज के सामान्य बच्चों की तरह ही सकारात्मक सामाजिक वातारण प्रदान करने की पहल में जुटा हुआ है।*

**विश्व बालश्रम निषेध दिवस आज**





### इन बच्चों को निकाला बालश्रम के जाल से

कोलदा प्रकरण, जहां उरला ईंटभट्ठा में काम करते हुए तीन बच्चों का रेस्क्यू किया गया, इस संबंध में कार्यवाही पूर्ण कर उनके माता-पिता को बच्चे सौंपा गया। इसी तरह मुंबई विरार से तीन बच्चों का रेस्क्यू कर वापस उन्हें छत्तीसगढ़ लाया गया। रायपुर में एक कंपनी से बेमेतरा के रहने वाले दो बच्चों का रेस्क्यू कर बालगृह में शिफ्ट किया गया। राजिम कुंभ मेले में तीन नाबालिग बच्चियों का रेस्क्यू और पुनर्वास किया गया। वहीं बिलासपुर, दंतेवाड़ा में भी कुछ बच्चों के रेस्क्यू समेत बच्चे का उचित पुनर्वास किया गया।

### हर जिले में स्पेशल टॉस्क फोर्स एक्टिव

छत्तीसगढ़ बालश्रम विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता ने बताया कि प्रदेशभर में विभाग की तरफ से बालश्रम की रोकथाम के लिए स्पेशल टॉस्क फोर्स, जिला स्तरिय समितियां बनाई गई हैं, जो बालश्रम के मामलों की सूचना व जानकारी होते ही त्वरित रेस्क्यू व कार्रवाई करने में सक्षम हैं। इसके अलावा समितियों के सदस्यों व विभाग की ओर से जनजागरूकता की पहल भी लगातार की जा रही है। नागरिकों से श्रम विभाग के हेल्पलाइन नंबर पर सूचना देने की अपील भी की जा रही है।

### मानासिक व शारीरिक अवस्था पूरी तरह होती है विपरीत

शहर के मनोचिकित्सक डॉ. अविनाश शुक्ला का कहना है कि 14 वर्ष तक की उम्र बच्चों के बौद्धिक व शारीरिक विकास की अवस्था होती है। इस अवस्था में बच्चे को जैसा सामाजिक व पारिवारिक माहौल मिलता है, वह उसके अनुरूप ही अपना विचार-व्यवहार करता है। बालश्रम करने वाले बच्चों की मानासिक व शारीरिक अवस्था पूरी तरह सामान्य बच्चों से विपरीत होती है। वे सामान्य बच्चों की तुलना में दिमागी रूप से अधिक तनावग्रस्त और शारीरिक तौर पर अस्वस्थ होते हैं, जो उनमें अवसाद, आत्मविश्वास की कमी, डर जैसे कई विकारों को उत्पन्न करते हैं। बालश्रम बच्चों से उनका बचपन छीन लेता है। इस माहौल से उनको बचाना जरूरी है।

**समाज लाइव**

## बच्चों और परिवारों की सेवा वितरित किए जरूरी सामान



रायपुर। जब राजधानी भीषण गर्मी की चपेट में है। आसमान के साथ जमीन का तापमान असहनीय है। ऐसे कठिन समय में शहर की सड़कों और बस्तियों में रहने वाले कई जरूरतमंद परिवार खुले आसमान के नीचे जीवनयापन करने को मजबूर हैं। उनके पास न तो पर्याप्त भोजन है, न ही पहनने के लिए पर्याप्त वस्त्र और न बच्चों के पैरों को तपती जमीन से बचाने के लिए चप्पल-जूते हैं। इन्हीं संवेदनशील परिस्थितियों को देखते हुए कनिष्का फाउंडेशन द्वारा गुरुवार की सुबह सेवा गतिविधि का आयोजन किया गया। इस सेवा के अंतर्गत लालपुर बस्ती एवं पचपेड़ी नाका क्षेत्र में जरूरतमंद बच्चों और परिवारों के बीच चाय, बिस्किट, नाश्ता, कपड़े, चप्पल तथा चॉकलेट का वितरण किया। लगभग 40 से ज्यादा बच्चों और जरूरतमंदों को चप्पल और कपड़े वितरित किए गए।

### संस्था ने लोगों की जरूरतें समझने का प्रयास किया

सेवा के दौरान लगभग 100 से ज्यादा लोगों के लिए चाय एवं बिस्किट की व्यवस्था की गई। संस्था के प्रयास से बच्चों एवं जरूरतमंद परिवारों को राहत मिलने से उनके चेहरों पर खुशी और संतोष की मुस्कान देखने को मिली। उपाध्यक्ष मोहित पुजारी, सचिव आशीष द्विवेदी, सहयोगी सदस्य शकीला खान, नाजनीन खान एवं बरखा शर्मा का विशेष सहयोग रहा। सेवाकार्य के दौरान संस्था के सदस्यों ने जरूरतमंद लोगों से संवाद कर उनकी आवश्यकताओं को समझने का प्रयास भी किया, ताकि समाज के वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग के उत्थान के लिए बेहतर काम किया जा सके। आगामी 19 जून को पुनः इस क्षेत्र में सेवा से जुड़ी गतिविधियां की जाएंगी।

**कॉलेजों में एडमिशन शुरू होते ही अब सामाजिक छात्रावासों की पूछपरख तेज, जुलाई में निर्णय**


# हॉस्टल की निशुल्क सुविधा देगा कुर्मी-यादव समाज, अनुशंसा पर आवेदन ले रहे हैं प्रभारी

*दूसरे राज्यों और शहरों से राजधानी में पढ़ाई के लिए आने वाले छात्र-छात्राओं ने कॉलेजों में एडमिशन के लिए प्रयास तेज किया है। वहीं दूसरी तरफ उनके पालकों ने समाज द्वारा संचालित हॉस्टल्स की पूछपरख शुरू की है, ताकि बेटे-बेटियों को रहने की सुविधा समाज की सहभागिता से मिल सके। इसके लिए जिला एवं राज प्रधान की अनुशंसा पर निशुल्क आवास की सुविधा देने के लिए आवेदन लिए जा रहे हैं। जुलाई तक प्राप्त आवेदनों पर समाज प्रमुखों द्वारा निर्णय के बाद सहमति दी जाएगी।*



### रहने और भोजन के साथ पढ़ने की सुविधा

हॉस्टल प्रभारी ने बताया कि दूसरे शहरों एवं राज्यों से कॉलेज की पढ़ाई के लिए आने वाले समाज के 216 विद्यार्थियो को सर्व सुविधायुक्त आवास के साथ भोजन और पढ़ाई करने के लिए लाइब्रेरी की सुविधा दी जाती है। इसमें 30 विद्यार्थी एक साथ स्टडी करते हैं। समाज के लोगों को सहयोग देने और विद्यार्थियों को करियर संवारने में सहयोग देने के लिए आवास की सुविधा और सुरक्षा भी देते है। ताकि माता-पिता के दायित्वों को निभाने और विद्यार्थियों का जीवन संवारने में सहयोग दे सकें। इसके बदले नॉमिनल शुल्क लेते है। घर जैसे भोजन और नाश्ता की सुविधा देते है, ताकि उन्हें परेशानी से बचाया जा सके।



रायपुर। किसानों, मजदूरों ने बेटे-बेटियों को स्कूली शिक्षा दिलाने के बाद अब कॉलेज में एडमिशन के लिए प्रयास तेज किया है। 12वीं का रिजल्ट आने के बाद माता-पिता की परेशानी भी बढ़नी शुरू हो गई है। इसे कम करने का दायित्व कई समाज के द्वारा चालू शिक्षा सत्र में निभाया जाएगा। समाज प्रमुखों के निर्देशन में ऐसे हॉस्टल्स का संचालन किया जा रहा है। जिसमें छात्र-छात्राओं को रहने और खाना पकाने की सुविधा दी जाती है। इससे माता-पिता को प्राइवेट हॉस्टल की मोटी फीस देने और आर्थिक बोझ को कम करने का प्रयास किया जा रहा है। इसे देखते हुए अग्रवाल सभा और रामनाथ भीमसेन चैरिटेबल ट्रस्ट द्वारा युवाओं को एयरकंडीशंड हॉस्टल की सुविधा चारमंजिला भवन में दी जा रही है। प्रभारी संजय कुमार अग्रवाल ने बताया कि सभा के अध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन में प्राप्त आवेदनों की पात्रता जांच के बाद सुविधा दी जाती है।



### 100 छात्र-छात्राओं को मिलेगा हॉस्टल

झेरिया यादव समाज द्वारा छात्र-छात्राओं के लिए रायपुरा में हॉस्टल शुरू किया गया है। इस संदर्भ में समाज के प्रदेश सचिव सुंदरलाल यादव ने बताया कि तीन साल पहले 76 लाख में बनवाया गया।। इसमें 8 कमरे छात्राओं के लिए और इतने ही कमरे उच्च शिक्षा के लिए आने वाले छात्रों के लिए है। सभी अलग-अलग कमरों में रहने की सुविधा देने के लिए तैयार हैं। विद्यार्थी खाना खुद पकाते हैं, कुछ लोग बाहर से टिफिन मंगाते हैं। हॉस्टल की सुविधा समाज द्वारा निशुल्क दी जाती है। नए सत्र के लिए आवेदन के आधार पर जुलाई में निर्णय लिए जाएंगे। पात्रता समाज प्रमुखों की अनुशंसा पर तय की जाती है।

### आवेदनों की जांच के बाद ही लेंगे निर्णय

तात्यापारा स्थित समाज द्वारा संचालित हॉस्टल को फिर शुरू करने की तैयारी हैं। जहां 30 विद्यार्थियों को आवास की सुविधा मिलेगी। छत्तीसगढ़ मनवा कुर्मी क्षत्रिय समाज के केंद्रीय अध्यक्ष खोड़सराम कश्यप ने बताया कि जुलाई तक प्राप्त आवेदनों की पात्रता जांच के बाद निर्णय लेंगे। समाज द्वारा बलौदाबाजार, तिल्दा और भिलाई सेक्टर-7 में हॉस्टल का संचालन किया जाता है। जहां पिछले सत्र तक सिर्फ समाज के 32 युवाओं को उच्च शिक्षा के लिए आवास की सुविधा दी। संबंधित युवक के पिता को गांव प्रमुख और राज प्रधान की अनुशंसा के साथ आधारकार्ड, अनुशंसा पत्र और दो फोटो देने का प्रावधान है।

# युवाओं में फुल बॉडी टैटू डिजाइन का बढ़ा क्रेज खिलाड़ियों और सेलिब्रिटीज को कर रहे फालो

रायपुर। शहर के युवा पर्सनॉलिटी लुक, फिटनेस व फैशन को लेकर तेजी से खुद को अपडेट कर रहे हैं। जहां जिम व योगा से शारीरिक सुदृढ़ता ला रहे हैं, वहीं कुछ अलग व आकर्षक दिखने फुल बॉडी टैटू डिजाइन बनवा रहे हैं, ताकि उन्हें हालीवुड एक्टर्स, क्रिकेट खिलाड़ियों जैसा लुक मिल सके। गौरतलब है कि आज के साउथ, हिंदी व हॉलीवुड फिल्मों में एक्टर्स आकर्षक सिक्स पैक बॉडी फिटनेस के ऊपर फुल बॉडी टैटू डिजाइन के साथ धमाकेदार एंट्री कर रहे हैं। यही बात यूथ को भा गई है और वे शहर के टैटू डिजाइनर्स से अपने फेवरेट एक्टर व स्पोर्ट्स खिलाड़ियों के जैसे फुल बॉडी टैटू डिजाइन करा रहे हैं। शहर के टैटू आर्टिस्ट विजय ने बताया कि पिछले 2 से 3 साल में शहर के युवाओं में फुल बॉडी टैटू डिजाइन का क्रेज बढ़ा है। वहीं गर्ल्स भी लड़कों से पीछे नहीं हैं, वे भी ज्वेलरी स्टाइल में टैटू डिजाइन, नेम राइटिंग करा रही हैं। छोटे टैटू 2-4 इंच 15 सौ से 5 हजार रुपए तक, मध्यम साइज टैटू 5-7 इंच का चार्ज 5 से 10 हजार रुपए के बीच होता है। वहीं फुल बॉडी टैटू यानी 8 इंच और उससे अधिक बड़ी डिजाइन की कीमत 20,000 से ज्यादा टैटू आर्टिस्ट चार्ज कर रहे हैं।

**यूथ पर्सनॉलिटी लुक, फिटनेस व फैशन को लेकर तेजी से खुद को कर रहे अपडेट**




### फैमिली-फ्रेंड्स और भगवान के नाम का टैटू

शहर के टैटू आर्टिस्टों का कहना है कि लोग टैटू के माध्यम से ज्यादातर निशानों के साथ अपना या भगवान का नाम बनवाते हैं, लेकिन अब लाइफ स्टाइल के साथ-साथ टैटू की डिजाइन, आकार, प्रकार सब बनाए जा रहे हैं। ये युवाओं के मन को भा रहे हैं। टैटू डिजाइनर विजय ने बताया कि अधिकतर लोग तितली, फूल, डमरू, शिव, त्रिशूल अपने जीवनसाथी या बच्चों के नाम का टैटू बनवाना पसंद कर रहे हैं। लोगों के स्वभाव, स्टाइल और जरूरतों को समझते हुए उसी हिसाब से टैटू बनवाने की सलाह देते हैं।

### नई जनरेशन के फैशन का बना हिस्सा

टैटू डिजाइन युवाओं में बेहद तेजी से फैशन का अहम हिस्सा बन गया है। गर्ल्स हाथों में ब्रेसलेट, पैरों में पायल की जगह, तरह-तरह की डिजाइन के टैटू बनवा रही हैं। प्री-वेडिंग व सगाई पर कपल्स अपने होने वाले जीवनसाथी के नाम का टैटू लिखवाने लगे हैं। गोदना पैटर्न में भी टैटू डिजाइन बनने लगे हैं। यूथ में अलग-अलग फैशन आइटम में लगातार हो रहे परिवर्तन के लिहाज से टैटू आज के युवाओं के लिए फैंशन का अहम हिस्सा बना गया है।

## दो दिवसीय जड़ी-बूटी उपचार शिविर कल से

रायपुर। हेल्थ केयर एंड शेयर फाउंडेशन की ओर से सर्व समाज के स्वास्थ्य हित में दो दिवसीय 13 से 14 जून तक जड़ी-बूटी द्वारा उपचार शिविर का आयोजन किया जा रहा है। यह शिविर सिंधु पैलेस, बीटीआई ग्राउंड के सामने सुबह 10 बजे से 4 बजे तक लगाया जाएगा। संस्था के वरिष्ठ अध्यक्ष विनोद कुमार वच्छानी ने बताया कि शिविर में छत्तीसगढ़ के वनांचल के अनुभवी वैद्यों को आमंत्रित किया गया है, जिनके द्वारा जंगलों-पहाड़ों से खोजी गई पारंपरिक जड़ी-बूटी द्वारा उपचार पद्धति के माध्यम से पीलिया, किडनी रोग, चर्मरोग, लीवर संबंधी समस्याएं, हड्डी एवं जोड़ दर्द इत्यादि विभिन्न असाध्य रोगों के निदान के संबंध में परामर्श एवं उपचार प्रदान किया जाएगा, साथ ही आवश्यक औषधियां भी न्यूनतम शुल्क पर उपलब्ध कराई जाएंगी। शहर में इस प्रकार का आयोजन पहली बार किया जा रहा है। अधिक से अधिक लोगों से शिविर का लाभ लेने एवं स्वास्थ्य परामर्श प्राप्त करने की अपील की गई है।




## लोकसभा अध्यक्ष होंगे आचार पदारोहण महोत्सव में शामिल



रायपुर। आचार्य पदारोहण सहस्त्रावधान तपस्या महोत्सव में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला शामिल होंगे। समिति के प्रचार-प्रसार प्रभारी अजय मालू व कन्हैया लुनावत ने बताया कि लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला द्वारा कार्यक्रम में सहभागिता की सहमति प्रदान किए जाने से जैन समाज एवं समस्त आयोजन समिति में उत्साह का वातावरण है। 16, 17 एवं 18 जून को सकल जैन श्री संघ, रायपुर एवं अखिल भारतीय खरतरगच्छ श्वेतांबर महासंघ के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित होने जा रहे पन्यासप्रवर विनय कुशल मुनिजी महाराज के आचार्य पदारोहण महोत्सव को लेकर तैयारी तेज है। इसी क्रम में आचार पदारोहण सहस्त्रावधान तपस्या महोत्सव समिति के संयोजक राजेश बुरड़, अध्यक्ष सुनील पारख, कोषाध्यक्ष अनिल कोठारी एवं अन्य पदाधिकारियों ने आज नई दिल्ली में लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला जी से सौजन्य भेंट कर उन्हें महोत्सव की विस्तृत जानकारी प्रदान की तथा कार्यक्रम में पधारने हेतु आमंत्रित किया। समिति के पदाधिकारियों ने लोकसभा अध्यक्ष को महोत्सव की स्मारिका एवं आमंत्रण पत्रिका भेंट करते हुए बताया कि इस आयोजन का एक प्रमुख आकर्षण मात्र 14 वर्षीय बालमुनि हंसभद्र मुनि महाराज द्वारा किया जाने वाला 'सहस्त्रावधान' होगा, जो अपनी विलक्षण स्मरण शक्ति, एकाग्रता एवं आध्यात्मिक साधना का अद्भुत उदाहरण प्रस्तुत करेगा।

## सियान जतन में 1500 से अधिक वृद्धजनों ने कराया स्वास्थ्य जांच

रायपुर। जिले की सभी आयुर्वेद, होम्योपैथी एवं यूनानी चिकित्सा संस्थाओं में प्रत्येक गुरुवार को सियान जतन कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। इसमें अब तक 1500 से अधिक वृद्धजनों ने स्वास्थ्य जांच कराया है। इस शिविर में 60 वर्ष से अधिक आयु के वरिष्ठ लोगों को निःशुल्क पंचकर्म सुविधा, रक्तचाप, ब्लड शुगर, हीमोग्लोबिन, मूत्र जांच, मलेरिया की जांच, वृद्धावस्था से संबंधित बीमारियों का उपचार, योग परामर्श एवं नियमित योगाभ्यास, रोग प्रतिरोधक काढ़ा वितरण तथा स्वास्थ्य संरक्षण के लिए दिनचर्या एवं ऋतुचर्या संबंधी परामर्श दिया जा रहा है।









सिटी स्पोर्ट्स

## नेशनल कायाकिंग केनोईंग प्रतियोगिता आज से सेंध लेक में



**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में राष्ट्रीय जल क्रीड़ा महाकुंभ का आयोजन 12 जून से 14 जून तक किया जाएगा। नवा रायपुर के सेंध लेक में होने वाली प्रतियोगिता की तैयारी पूरी हो गई है। आयोजन से पहले मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने रायपुर स्थित अपने निवास कार्यालय में 36वीं राष्ट्रीय सब जूनियर एवं जूनियर कायाकिंग-केनोईंग प्रतियोगिता के प्रतीक 'पहाड़ी मैना' का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए आयोजकों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि राज्य सरकार खेलों के विकास और खिलाड़ियों को बेहतर अवसर उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। मुख्यमंत्री साय ने कहा कि खेल केवल प्रतिस्पर्धा का माध्यम नहीं, बल्कि अनुशासन, नेतृत्व और व्यक्तित्व विकास का सशक्त आधार हैं। प्रदेश में खेल अधोसंरचना को मजबूत बनाने के साथ-साथ खिलाड़ियों को राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी प्रतिभा प्रदर्शित करने के अवसर उपलब्ध कराए जा रहे हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि यह राष्ट्रीय प्रतियोगिता छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों को नई प्रेरणा देगी और राज्य की खेल पहचान को और मजबूत बनाएगी।

बता दें कि छत्तीसगढ़ प्रदेश कायाकिंग-केनोईंग एसोसिएशन द्वारा भारतीय कायाकिंग-केनोईंग संघ एवं छत्तीसगढ़ ओलम्पिक संघ के संयुक्त तत्वावधान में 36वीं राष्ट्रीय सब जूनियर एवं जूनियर कायाकिंग-केनोईंग प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। यह प्रतियोगिता 12 से 14 जून तक नवा रायपुर स्थित सेंध लेक में आयोजित होगी। कायाकिंग-केनोईंग एक ओलम्पिक खेल है, जिसमें छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर उल्लेखनीय प्रदर्शन करते हुए अनेक पदक अर्जित किए हैं। राष्ट्रीय स्तर की इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता की मेजबानी राज्य की राजधानी में होना प्रदेश के खेल इतिहास के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है।

लंबे समय तक बैठे रहने में है जोखिम

# ऑफिस में घंटों बैठे रहने से सामने आ सकती हैं गंभीर परेशानियां, जानें बचाव के आसान तरीके

ऑफिस में लंबे समय तक बैठे रहना सेहत के लिए हानिकारक हो सकता है। यह आपके शरीर में कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को बढ़ा सकता है, जिसके बारे में आपको जानना चाहिए। आइए इस लेख में ऐसे ही तीन गंभीर बीमारियों के बारे में जानते हैं, साथ ही ये भी जानेंगे कि इससे बचने के क्या उपाय हैं। आज की आधुनिक और व्यस्त जीवनशैली में, ऑफिस में घंटों तक लगातार बैठकर काम करना आम बात हो गई है। डिजिटल युग की कॉरपोरेट दुनिया में सुबह से शाम तक हम एक ही स्थिति में काम करते रहते हैं। लेकिन, यह आरामदायक दिखने वाली आदत दरअसल हमारी सेहत के लिए एक गंभीर खतरा बन सकती है।

विशेषज्ञों ने लंबे समय तक बैठे रहने की इस आदत को 'सिटिंग डिजीज' का नाम दिया है। यह सिर्फ एक शब्द नहीं, बल्कि एक ऐसी स्थिति है जो कई गंभीर बीमारियों को जन्म दे सकती है। लगातार बैठे रहना हमारे शरीर के मेटाबॉलिज्म को धीमा कर देता है, रक्त संचार को प्रभावित करता है और संपूर्ण स्वास्थ्य के लिए नुकसानदायक हो सकता है। इतना ही नहीं, यह शरीर में कई गंभीर बीमारियों के जोखिम को भी बढ़ाता है। यही वजह है कि विशेषज्ञ सलाह देते हैं कि हर आधे घंटे पर थोड़ी देर जरूर टहलना चाहिए। सेडेंटरी लाइफस्टाइल (लंबे समय तक एक ही जगह बैठे रहना) से शरीर में गंभीर बीमारियों का खतरे के संबंध में आपको जानना जरूरी है।





### हृदय रोग

लंबे समय तक बैठे रहने से रक्त संचार धीमा पड़ता है, जिससे कोलेस्ट्रॉल और रक्तचाप बढ़ सकता है। अध्ययनों के अनुसार, दिन में 6-8 घंटे से ज्यादा बैठने वाले लोगों में हृदय रोग का खतरा 20-30% तक बढ़ जाता है। यह धमनियों में वसा जमा होने और हृदय पर दबाव का कारण बनता है।

### मोटापा और डायबिटीज



लगातार बैठे रहने से मेटाबॉलिज्म धीमा हो जाता है, जिससे कैलोरी बर्न कम होती है और वजन बढ़ने का खतरा रहता है। यह इंसुलिन प्रतिरोध को बढ़ाता है, जो टाइप-2 डायबिटीज का कारण बन सकता है।

### कमर और गर्दन दर्द

लंबे समय तक गलत मुद्रा में बैठने से रीढ़ और गर्दन पर दबाव पड़ता है, जिससे कमर दर्द, कंधों में जकड़न और सर्वाइकल समस्याएं हो सकती हैं। यह मांसपेशियों को कमजोर करता है और जोड़ों में अकड़न पैदा करता है।

### बचाव के अन्य आसान तरीके-

हर 30 मिनट में उठकर 2-3 मिनट टहलें या स्ट्रेच करें। कुर्सी पर सीधे बैठें और मॉनिटर को आंखों के स्तर पर रखें। पर्याप्त पानी पीना मेटाबॉलिज्म को सक्रिय रखता है। तनाव से बचने के लिए गहरी सांस लें और दिनचर्या में योग और मेडिटेशन शामिल करें।

## वर्ल्ड बाइसिकल डे पर संडे ऑन साइकिल में दिखा उत्साह



**रायपुर।** साई खेल प्रशिक्षण केन्द्र द्वारा वर्ल्ड बाइसिकल डे पर विशेष कार्यक्रम और साईकिल रैली का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ, पर्यावरण संरक्षण और समस्या मुक्त यातायात के प्रति जागरूकता बढाना था। मुख्य अतिथि के तौर पर महापौर रायपुर, पुलिस कमिश्नर तथा नगर निगम कमिश्नर की उपस्थिति रही। शहर के बूढातलाब की परिक्रमा में लगभग 3 कि.मी. की दूरी तय कर रैली के माध्यम से जागरूकता का संदेश दिया गया। कार्यक्रम की शुरूआत मुख्य अतिथि और वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा रैली को हरी झंडी दिखाकर की गई। इस दौरान कार्यालय के सभी कर्मचारियों और आम जनों ने बढ चढकर हिस्सा लिया और अपने को स्वस्थ रखने के लिये प्रतिदिन लगभग 30 मिनिट फिटनेस के लिये देने का संकल्प लिया। इस कार्यक्रम में राज्य सरकार खेल एवं युवा कल्याण विभाग ने भी अपना संयुक्त योगदान प्रदान किया। आयोजन में लगभग 600 से अधिक प्रतिभागियों, विभिन्न आर्म्ड फोर्स के अधिकारीयों एवं जवानों ने साथ ही माई भारत के युवा साथी भी उपस्थित रहें।

## रुद्र के 4 विकेट की मदद से बिलासपुर बुल्स ने सरगुजा टायगर्स को 9 रनो से हराया

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा छत्तीसगढ़ क्रिकेट प्रीमियर लीग (सीसीपीएल) के तृतीय संस्करण का आयोजन 03 जून से 14 जून तक शहीद वीर नारायण सिंह अंर्तराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम, नवा रायपुर में किया जा रहा है। 10 जून बुधवार का दूसरा मैच सरगुजा टायगर्स तथा बिलासपुर बुल्स के मध्य खेला गया। सरगुजा टायगर्स ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय किया। बारिश के कारण मैच 15-15 ओवरों का खेला गया। बिलासपुर बुल्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 15 ओवरों में 7 विकेट खोकर 147 रनों स्कोर बनाया। बिलासपुर बुल्स की ओर से विकल्प तिवारी ने अर्धषतकीय पारी खेलते हुये 53 रन बनाये। उनके अतिरिक्त पवन परनाते ने 35 रन तथा प्रतिक यादव ने 32 रनों की पारी खेली। सरगुजा टायगर्स की ओर से वासुदेव बरेठ ने 3 विकेट प्राप्त किये। 148 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी सरगुजा टायगर्स 14.4 ओवरों में सभी 10 विकेट खोकर 137 रन ही बना सकी। सरगुजा टायगर्स की ओर से सानिध्य हुरकत ने 43 रन, कृतेष साहु ने 35 रन तथा आशुतोष सिंह ने 32 रन बनाये। बिलासपुर बुल्स की ओर से रुद्र प्रताप देहारी ने 4 विकेट, भरत गोंडवानी तथा वरुण सिंह भुई ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। बिलासपुर बुल्स ने 9 रनों से मैच जीत लिया। रुद्र प्रताप देहारी प्लेयर ऑफ द मैच रहे।



## ग्रीष्म कालीन खेल प्रशिक्षण शिविर में सीखा बच्चों ने



**रायपुर।** महासमुंद जिला प्रशासन तथा खेल एवं युवा कल्याण द्वारा विभिन्न खेल संघों एवं संस्थाओं के माध्यम से जिले में ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 17 मई से 06 जून तक किया गया। कलेक्टर विनय कुमार लंगेह के मार्गदर्शन में शिविर की शुरुआत की गई। जिसमें मिनी स्टेड़ियम में हैंडबॉल इमरान अली, कुलेश्वर चंद्राकर ने प्रशिक्षण दिया।



# डेढ़ साल से नहीं हुई नियमितीकरण प्राधिकार की बैठक, 2600 प्रकरण लंबित, राजीनामा ही ऑप्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

राजधानी रायपुर में 14 जुलाई 2022 तक किए गए अनाधिकृत (बिना अनुमति) के निर्माण को वैध कराने के लिए नियमितीकरण प्राधिकार समिति का गठन हुआ था। बताया जा रहा है कि इस समिति के समक्ष लगभग 18 हजार प्रकरण आए थे, जिनमें से लगभग 16400 प्रकरणों का निपटारा हो चुका है। इन सभी प्रकरणों के निराकरण के साथ अवैध निर्माण अब वैध हो चुके हैं।

हालांकि 2600 प्रकरण अभी भी समिति के समक्ष लंबित हैं। पिछले डेढ़ वर्ष से बैठक नहीं होने के कारण इन प्रकरणों का निपटारा नहीं हो पाया है। तत्कालीन कांग्रेस के शासन काल में नियमितीकरण प्राधिकार समिति गठित हुई थी। इस समिति के पास नियमितीकरण के लिए 18 हजार प्रकरण पर आए थे। इनमें से 7 हजार से अधिक प्रकरणों का निराकरण समिति बनने के बाद पहले वर्ष में कर दिया गया था। इस वर्ष में हर हफ्ते कलेक्टर की अध्यक्षता में समिति की बैठक होती थी। इसके बाद शेष 11 हजार प्रकरणों में लगभग 8500 हजार प्रकरणों का निराकरण 6 वर्षों में किए गए।

इस तरह अक्टूबर 2024 तक नियमितीकरण के प्रकरणों का निराकरण किया गया। विभागीय सूत्र के अनुसार आखरी बैठक अक्टूबर 2024 में कलेक्टर गौरव सिंह की अध्यक्षता में हुई थी, जिसमें 256 प्रकरण निराकृत किए गए थे। इसके बाद से समिति की बैठक नहीं हो पाई है।

### राजीनामा का ऑप्शन खुला हुआ

अनाधिकृत निर्माण को वैध कराने के लिए राजीनामा का ऑप्शन खुला हुआ है। नगर निगम प्रशासन ने इसके लिए ऑप्शन भी खोलकर रखा है, ताकि अवैध निर्माण को तोड़ने की कार्रवाई करना नहीं पड़े और लोग आवेदन कर आसानी से राजीनामा के जरिए नियमानुसार राशि का भुगतान कर मकान, दुकान सहित अन्य अवैध निर्माण को वैध करा सकें।




### नियम के तहत शेष प्रकरणों का करेंगे निराकरण

नियमितिकरण के लंबित प्रकरणों का नियम के तहत जल्द से जल्द निपटारा किया जाएगा।
- डा. गौरव सिंह, कलेक्टर रायपुर

## खबर संक्षेप

### वरिष्ठ पत्रकार जैन को मिला लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड



**रायपुर।** हिंदी पत्रकारिता के 200 वर्ष पूर्ण होने पर रायपुर के वरिष्ठ पत्रकार एवं रायपुर प्रेस क्लब के भूतपूर्व अध्यक्ष शेषकरण जैन को प्रेस क्लब रायपुर द्वारा आयोजित पत्रकारिता गौरव मार्तण्ड उत्सव कार्यक्रम में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने प्रदान कर समानित किया। इस अवसर पर प्रदेश के वित्त मंत्री ओपी चौधरी, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल, विधायक पुरंदर मिश्रा, प्रेस क्लब के अध्यक्ष मोहन तिवारी, महासचिव गौरव शर्मा समेत वरिष्ठ पत्रकार एवं नागरिक उपस्थित थे। उपरोक्त सम्मान शेषकरणजी के अनुपस्थिति में उनकी पोती काजल जैन ने ग्रहण किया।

### कंक्रीट और ट्री गार्ड के घेरे को हटाने अभियान

**रायपुर।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के निर्देश पर जिला प्रशासन द्वारा ऐसे सभी पौधों को प्राकृतिक रूप से विकसित होने देने और पानी प्राप्त करने उसके चारों ओर से कंक्रीट और ट्री गार्ड के घेरे को हटाने अभियान चलाया जा रहा है। राज्यपाल रमेन डेका द्वारा इस संबंध में व्यक्त की गयी चिंता पर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने सभी जोन कमिश्नरों को जोन क्षेत्र के सभी वार्डों में चारों ओर से कांक्रीट के घेरे और ट्री गार्ड जल्द हटाने निर्देशित किया है।

### किसानों को पर्याप्त उर्वरक उपलब्ध कराने की मांग

# खाद-बीज संकट को लेकर कांग्रेस ने किया कलेक्टोरेट का घेराव



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर ग्रामीण के जिलाध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे के नेतृत्व में किसानों को खाद एवं बीज की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित करने की मांग को लेकर रायपुर कलेक्टर कार्यालय का घेराव किया गया। कलेक्टर कार्यालय घेराव कार्यक्रम की शुरुआत डॉ. भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं नमन कर की गई। नेताओं ने किसानों के सामने उत्पन्न खाद-बीज संकट को लेकर राज्य सरकार की नीतियों की आलोचना करते हुए किसानों के हितों की रक्षा के लिए संघर्ष जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजेंद्र पप्पू बंजारे ने कहा, प्रदेश के किसान खेती के महत्वपूर्ण समय में खाद और बीज की कमी से जूझ रहे हैं, लेकिन सरकार किसानों की समस्याओं के समाधान के प्रति गंभीर नहीं है। यदि किसानों को समय पर पर्याप्त मात्रा में खाद एवं बीज उपलब्ध नहीं कराया गया, तो कांग्रेस किसानों के साथ मिलकर उग्र आंदोलन करेगी।

### ये थे मौजूद

*आंदोलन में पूर्व मंत्री धनेंद्र साहू, जिला कांग्रेस कमेटी रायपुर शहर के अध्यक्ष कुमार शंकर मेनन, पूर्व विधायक विकास उपाध्याय, अनीता शर्मा, कांग्रेस नेता पंकज शर्मा, पूर्व जिला अध्यक्ष उधो राम वर्मा, पीसीसी सचिव प्रवीण साहू, दुर्गेश वर्मा, जिला कांग्रेस उपाध्यक्ष जयंत साहू, हरिशंकर निषाद, बिरगांव ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष योगेंद्र सोलंकी, धनराज मंधानी, जीत सिंह, संत मां कर्मा ब्लॉक अध्यक्ष हीरेंद्र देवांगन, भावेश बघेल, सुंदर जोगी, दिनेश ठाकुर, आशीष वर्मा, अश्वनी वर्मा, अजितेश शर्मा, बलदाऊ साहू, कोमल साहू, ओम प्रकाश यादव, खूबी डहरिया, चंद्रहास साहू, अरुण लहरी, जागेश्वर कुर्रे योगेश्वर वर्मा आदि सैकड़ों कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित थे।*

## महंगाई, पेपर लीक, सीट चोरी, बेरोजगारी को लेकर सरकार के खिलाफ कांग्रेस करेगी प्रदर्शन

महंगाई, पेपर लीक, सीट चोरी, बेरोजगारी, खाद-बीज, आर्थिक मंदी जैसे मुद्दों पर कांग्रेस देशभर में आक्रमक प्रदर्शन की तैयारी में है। दिल्ली में आयोजित एआईसीसी की बैठक में आज इन तमाम मुद्दों पर चर्चा हुई और आंदोलन की रणनीति बनाई गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे की अध्यक्षता में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआईसीसी) मुख्यालय इंदिरा भवन में आयोजित बैठक में राष्ट्रीय महासचिवों के साथ प्रदेश प्रभारी और प्रदेश अध्यक्ष मौजूद रहे। बैठक में राहुल गांधी, संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल, महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा, जयराम रमेश, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल समेत कई अन्य नेता मौजूद थे।

### राष्ट्रीय स्तर तक होगा आक्रामक प्रदर्शन- बैज

छत्तीसगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज ने कहा, महंगाई, पेपर लीक एवं किसानों की समस्याओं को लेकर ब्लॉक स्तर लेकर राष्ट्रीय स्तर तक आक्रमक प्रदर्शन किया जाएगा। गुरुवार को पार्टी की बैठक में देश में जो हालात हैं उस पर विस्तार से चर्चा हुई। श्री बैज ने कहा, एआईसीसी से निर्देश मिलने के बाद भाजपा और केंद्र सरकार के खिलाफ हल्ला बोला जाएगा। उन्होंने कहा, भाजपा लोकतंत्र को कुचलने का काम कर रही है। पेपर लीक कर युवाओं का भविष्य बर्बाद कर रही है। इन मुद्दों को लेकर जनता के बीच जाएंगे और सरकार को पूरी तरह बेनकाब करेंगे।

### आदिवासी नेताओं और पदाधिकारियों की बैठक आज

प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने प्रदेश के आदिवासी नेताओं और वरिष्ठ कांग्रेस पदाधिकारियों की एक महत्वपूर्ण बैठक राजीव भवन में गुरुवार को दोपहर 12 बजे से आयोजित की गई है। बैठक में प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव, पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू सहित वरिष्ठ नेता उपस्थित रहेंगे।

# पर्यटन विभाग में एजेंसी के कर्मचारियों पर दोहरी मार, पद कम होने के साथ वेतन में कटौती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग में एजेंसी के जरिए जुड़े कर्मचारी इन दिनों आर्थिक संकट से जूझ रहे हैं। विभाग द्वारा विभिन्न पदों को आवश्यकता अनुसार कम किया गया है। विभाग समय-समय पर पदों को बढ़ाता और कम करता है। एजेंसी के जरिए कर्मचारी पर्यटन विभाग में कार्य करते हैं। वर्तमान में कुछ पदों को कम किया है। इसके बाद एजेंसी ने इन पदों पर कार्यरत कर्मचारियों के वेतन में भी कटौती शुरू कर दी है। पर्यटन विभाग ने रिसॉर्ट्स में तैनात सीनियर मैनेजर और पर्यटन बोर्ड अध्यक्ष के निजी सहायक जैसे अन्य पदों को कम कर दिया है। बता दें कि पदों के कम होने के बाद भी संबंधित कर्मचारी वही पुरानी जिम्मेदारियां निभा रहे हैं, लेकिन एजेंसी ने उनके पद और वेतन दोनों में कटौती कर दी है। कर्मचारियों का आरोप है कि एजेंसी ने उन्हें प्रमोशन देने के बजाय सीधे डिमोशन दे दिया है। हरिभूमि को मिली जानकारी के अनुसार एजेंसी द्वारा कर्मचारियों की सैलरी में 2 हजार से लेकर 10 हजार रुपये तक की कटौती की गई है।

■ सैलेरी में 2 से 10 हजार रुपये तक की कटौती

### आर्थिक संकट में कर्मचारी

सैलरी में अचानक हुई इस कटौती से कर्मचारियों के सामने दैनिक खर्चों और लोन की किस्तों को चुकाने का संकट खड़ा हो गया है। प्रभावित कर्मचारियों का कहना है कि महंगाई के दौर में वेतन कम होने से घर चलाना दूभर हो गया है। इस संबंध में तर्क है कि सीनियर मैनेजर जैसे पद केवल सरकारी अधिकारियों के लिए होते हैं, संविदा कर्मचारियों के लिए नहीं, इसलिए इन्हें कम किया गया है। बता दें कि एजेंसी के कर्मचारियों को सेवा देने वाली यह एजेंसी वर्ष 2000 से छत्तीसगढ़ पर्यटन विभाग के साथ जुड़ी हुई है। रायपुर स्थित मुख्यालय से लेकर प्रदेश भर के विभिन्न रिसॉर्ट्स तक में कार्यरत संविदा कर्मचारियों के वेतन में हुई इस कटौती से विभाग के भीतर असंतोष व्याप्त है।

### पद आवश्कता अनुसार कम-ज्यादा होते हैं

पद समय-समय पर आवश्कता अनुसार कम ज्यादा होते हैं। हमें जितने कर्मचारी की आवश्कता होती है उसके लिए टेंडर किया जाता है।इसके अलावा अगर एजेंसी कर्मचारी के पैसे कटौती कर रहा, तो यह विभाग से जुड़ा मामला नहीं है।
- विवेक आचार्य, संचालक, पर्यटन विभाग

# कर्मचारी भविष्य निधि संगठन की हुई क्षेत्रीय समिति बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

महानदी भवन के सम्मेलन कक्ष में गुरुवार को केंद्रीय न्यासी बोर्ड, कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, (सीबीटी, ईपीएफ) क्षेत्रीय कार्यालय, छत्तीसगढ़ क्षेत्र की 27वीं बैठक हुई। इस बैठक में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन, छत्तीसगढ़ के कार्य निष्पादन तथा भ.नि. अंशदाताओं- भविष्य निधि सदस्यों को सामाजिक सुरक्षा लाभ प्रदान करने तथा छत्तीसगढ़ क्षेत्र में भविष्य निधि अधिनियम के अनुपालन के संदर्भ में रायपुर कार्यालय की उपलब्धियों एवं चुनौतियों के संदर्भ में चर्चा की गई। बैठक में श्रम विभाग के सचिव हिमशिखर गुप्ता ने मृत्यु प्रकरणों के संबंध में चर्चा करते हुए कहा कि कर्मचारी राज्य बीमा निगम के साथ मिलकर उद्योगों में होने वाले आकस्मिक मृत्यु प्रकरणों को तत्कालिक प्राथमिकता प्रदान करते हुए कार्रवाई की जाए।

साथ ही निष्क्रिय खातों के संबंध में निदेश दिए कि लाभार्थियों की पहचान करते हुए भुगतान सुनिश्चित किया जाए। साथ ही छत्तीसगढ़ जिले के 33 जिलों में प्रतिमाह 27 तारीख को आयोजित किए जाने वाले निधि आपके निकट कार्यक्रम के संबंध में निदेश दिए कि जिला कलेक्टरों इएसआईएस, एएलसी, सीएलसी एवं संबंधित राज्य सरकार के विभागों को इसमें सम्मिलित किया जाए।

### ये रहे उपस्थित

बैठक में बिधान चंद्र नायक, एनके पटनायक, रत्नेश राजन्या, महेश कक्कड़, अश्विन गर्ग, राधेश्याम जायसवाल, ईश्वर चंदेल, शंखध्वनि सिंह एवं एचएस मिश्रा, जयवद्न इंगले, गौरव डोगरा, देबाशीष चांद, आकाश अग्रवाल, सहायक भविष्य निधि आयुक्त ने बैठक में भाग लिया। कार्यक्रम में पॉवर प्वाइंट प्रस्तुति गौरव डोगरा ने दी, कर्मचारी प्रतिनिधियों के रूप में सम्मिलित हुए।

# गोल्डम होम्स कालोनी में चोरी खरीदार सहित तीन गिरफ्तार



■ खम्हारडीह थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व की थी चोरी



**रायपुर।** खम्हारडीह थाना क्षेत्र में एक सप्ताह पूर्व गोल्डन होम्स कालोनी में रायपुर उत्तर विधायक पुरंदर मिश्रा के घर के सामने मकान से लाखों रुपए कैश के साथ सोने-चांदी के जेवर चोरी करने के आरोप में पुलिस ने चोरी के जेवर खरीदने वाले सहित तीन शातिर को गिरफ्तार किया है। पुलिस गिरफ्त में आए बदमाश पूर्व में चोरी तथा आर्म्स एक्ट के आरोप में जेल जा चुके हैं। चोरी की घटना तीन-चार जून की दरमियानी रात हुई थी। भरत छापडिया के निवास में चोरी करने के आरोप में पुलिस ने डी. रवि राव उर्फ डी. बच्चन (29), उसके चचेरे भाई डी इग्नेश राव (19) और चोरी के जेवर खरीदने तथा बिक्री करने में मदद करने के आरोप में अशोक मानिकपुरी (53) को गिरफ्तार किया है। बदमाशों के कब्जे से पुलिस ने सोने-चांदी के जेवर, नकदी, चोरी के पैसों से खरीदा गया मोबाइल फोन, कूलर और वारदात में इस्तेमाल बाइक समेत करीब 6.28 लाख रुपए का सामान जब्त किया है।

# नगर निगम आयुक्त ने बड़े बकायादारों को नोटिस देकर बकाया राशि वसूली के दिए निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर

नगर निगम आयुक्त संबित मिश्रा ने गुरुवार को गांधी सदन के सामान्य सभागार में साप्ताहिक समीक्षा बैठक ली। इस दौरान उन्होंने सभी जोन कमिश्नरों को शहर के बड़े बकायादारों से बकाया राजस्व वसूली के लिए नोटिस जारी कर संपूर्ण बकाया राजस्व नियमानुसार वसूलने के निर्देश दिए।

आयुक्त ने सभी 10 जोन को मिलाकर प्रतिदिन एक करोड़ रुपये का राजस्व वसूलने का लक्ष्य निर्धारित कर इसका निगम हित में कड़ाई से पालन करने की हिदायत दी। श्री मिश्रा ने 30 जून तक संपत्ति कर की पूरी राशि भुगतान किए जाने पर संबंधित करदाताओं को नियम अनुसार 6.25 फीसदी की संपत्ति कर में छूट का लाभ प्रदान करने निर्देश दिए। बैठक के दौरान निगम आयुक्त ने जोन कमिश्नरों को नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत विभिन्न वार्डों में अवैध नल कनेक्शनधारकों को जल विभाग और राजस्व विभाग के माध्यम से सूचना देकर 15 दिनों की समय अवधि में अवैध नल को नियमित करवाने संबंधी दिशा निर्देश दिए।

### महात्मा गांधी सदन के सामान्य सभागार में साप्ताहिक टीएल बैठक



### बैठक में ये रहे उपस्थित

आयुक्त ने जल विभाग के कार्यपालन अभियंता नरसिंह फरेंन्द्र को किसी एक वार्ड या स्थान मोहल्ला चिंहित कर वहां निगम के घरेलू नल कनेक्शनों में मीटर रीडिंग कार्य करवाते हुए उनकी सेम्पल रेंडम रिपोर्ट देने निर्देशित किया है,ताकि इसकी समीक्षा कर शेष वार्डों में घरेलू नल कनेक्शनों में मीटर रीडिंग करने के कार्य का प्रस्ताव नीतिगत निर्णय के लिए तैयार किया जा सके। बैठक में अपर आयुक्त लोकेश्वर साहू, पंकज शर्मा, विनोद पांडे, कृष्णा खटीक, मुख्य अभियंता संजय बागड़े, अधीक्षण अभियंता राजेश राठौर, इमरान खान, प्रदीप यादव सहित दस जोन के जोन कमिश्नर, उपायुक्त, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंताओं की उपस्थिति रही।

# रायपुर प्लाईवुड ट्रेडर्स एसोसिएशन के साथ सार्थक संवाद, बताई समस्याएं, दिए सुझाव

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



कैट की छत्तीसगढ़ इकाई ने गुरुवार को व्यापारी संवाद अभियान की कड़ी में रायपुर प्लाईवुड ट्रेडर्स एसोसियेशन के पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ संवाद कार्यक्रम आयोजित किया। इसमें प्लाईवुड व्यापार से जुड़े व्यापारियों ने चर्चा के दौरान समस्याएं बताई, इसके साथ ही कुछ सुझाव भी दिए। संवाद के दौरान व्यापारिक वातावरण्या, बाजार की वर्तमान परिस्थितियां, कराधान संबंधी विषय पर खुलकर विचार रखे। कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमैन विक्रम सिंहदेव, प्रदेश अध्यक्ष परमानंद जैन ने संयुक्त रूप से बताया कि प्लाईवुड व्यापार से जुड़े व्यापारियों के साथ विस्तार से चर्चा में विभिन्न पहलुओं पर चर्चा हुई। राष्ट्रीय वाइस चेयरमैन अमर पारवानी ने कहा कि संगठन का उद्देश्य केवल व्यापारियों की समस्याओं को उठाना नहीं, बल्कि उनके बीच पहुंचकर उनकी वास्तविक आवश्यकताओं को समझना और उनके समाधान के लिए प्रभावी पहल करना है। रायपुर प्लाईवुड ट्रेडर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष विजय पटेल ने कैट छत्तीसगढ़ की नवगठित टीम का स्वागत करते हुए उन्हें बधाई दी। उन्होंने कैट व्यापारी संवाद अभियान की सराहना करते हुए कहा कि व्यापारियों के बीच पहुंचकर उनकी समस्याओं, सुझावों एवं अपेक्षाओं को प्रत्यक्ष रूप से सुनने की यह पहल स्वागतयोग्य है। व्यापारी संवाद कार्यक्रम में प्रमुख रूप से अमर पारवानी, जितेन्द्र दोषी, परमानंद जैन, अवनीत सिंह, विजय पटेल, नागेंद्र तिवारी, बी एस परिहार, बी के सिंह, दिनेश पटेल, विजय पटेल, ए.के त्रिपाठी, दीपक गिदवानी, महेश पटेल, जयेश पटेल, किलोल पटेल, भगवान दास पटेल, सहित दोनों संगठनों के पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित थे।

■ कैट की छत्तीसगढ़ इकाई का व्यापारी संवाद अभियान

# आकाशीय बिजली से रेलवे की ओएचई लाइनें नहीं होंगी ट्रिप, लगेंगे डिस्कनेक्टर असेंबली वाले लाइटनिंग अरेस्टर, लाइन बंद नहीं होगी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| रायपुर



■ सब-स्टेशनों की निगरानी थर्मोविजन कैमरा से होगी, उपकरण भी रहेंगे सुरक्षित

मानसून के दौरान आसमान से गिरने वाली बिजली अब रेलवे की रफ्तार में रोड़ा नहीं बनेगी। बिजली गिरने से ओएचई, ओवरहेड इक्विपमेंट लाइन ट्रिप हो जाती थी और ट्रेनें कहीं भी खड़ी हो जाती थीं। अब रेलवे इस समस्या का स्थायी समाधान करने जा रहा है। सभी जोन रेलवे डिस्कनेक्टर असेंबली प्रणाली को लागू करने जा रहे हैं। यह आधुनिक सिस्टम बिजली गिरने पर खराब हुए लाइटनिंग अरेस्टर उपकरण को पलक झपकते ही मुख्य चालू लाइन से अलग कर देगा। इससे पूरी बिजली लाइन ट्रिप नहीं होगी और न ही सब-स्टेशनों को कोई नुकसान पहुंचेगा। इससे ट्रेनों का परिचालन निर्बाध रूप से जारी रहेगा। 30 जून तक देश के सभी तकनीकी विभागों और मुख्य बिजली इंजीनियरों से जरूरी सुझाव व आपत्तियां मांगी गई हैं। इसके बाद इस आधुनिक सुरक्षा प्रणाली को पूरे देश के रेल नेटवर्क में लागू कर दिया जाएगा उपकरण इस तरह करता है कार्य रेलवे डिस्कनेक्टर असेंबली 25 केवी ट्रैक्शन विद्युत प्रणाली का एक अत्यंत महत्वपूर्ण उपकरण है। इसका मुख्य उद्देश्य विद्युत लाइन या उपकरण को सुरक्षित रूप से विद्युत स्त्रोत से अलग करना है। यह स्वयं फॉल्ट करंट या लोड करंट को बाधित नहीं करता, बल्कि सर्किट ब्रेकर के साथ मिलकर कार्य करता है। रखरखाव, निरीक्षण, आपातकालीन परिस्थितियों और विद्युत नेटवर्क के नियंत्रण में इसकी भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। दृश्य पृथक्करण प्रदान करने के कारण यह रेलवे कर्मचारियों की सुरक्षा सुनिश्चित करता है और सम्पूर्ण ट्रैक्शन प्रणाली की विश्वसनीयता एवं कार्यकुशलता को बढ़ाता है। यही कारण है कि आधुनिक रेलवे विद्युत प्रणाली में डिस्कनेक्टर असेंबली को सुरक्षा और संचालन का एक अनिवार्य अंग माना जाता है।

### *थर्मोविजन कैमरा तकनीक को अनिवार्य करने की तैयारी*

*पहले लाइटनिंग अरेस्टर के पंक्चर होने पर कई किलोमीटर तक बिजली गुल हो जाती थी। ट्रेनें रुक जाती थीं। रेलवे अब उपकरणों की तकनीकी खराबी को पकड़ने के लिए पहली बार अत्याधुनिक थर्मोविजन कैमरा तकनीक को अनिवार्य करने जा रहा है। थर्मल इमेजिंग तकनीक विशेष कैमरे की मदद से हर तीन महीने में बिजली सब-स्टेशनों की जांच होगी। यदि कोई उपकरण अंदरूनी तौर पर जरूरत से ज्यादा गर्म हो रहा होगा, तो उसके पूरी तरह खराब होने या ब्लास्ट होने का इंतजार नहीं किया जाएगा, बल्कि उसे पहले ही बदल दिया जाएगा।*